# हुसैनाबाद ट्रस्ट पर भ्रष्टाचार के आरोप, विरोध में नारेबाजी

## ट्रस्ट की सालाना इनकम 18 करोड़, जमीनों पर लगातार अवैध कब्जे और अतिक्रमण हो रहे हैं : कल्बे जव्वाद

» 'आजम खान पर मुर्गी चोरी का आरोप था इसलिए छूटे'

» 'आई लव रावण और शैतान भी बोल सकते हैं' : जव्वाद





**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** राजधानी में में शुक्रवार की नमाज के बाद शिया समुदाय ने विरोध प्रदर्शन किया। मौलाना कल्बे जव्वाद के आवाहन पर बड़ी संख्या में नमाजी विरोध में शामिल हुए।

जिला प्रशासन और हुसैनाबाद ट्रस्ट के खिलाफ नारेबाजी की। मौलाना ने हुसैनाबाद ट्रस्ट पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट की घंटाघर, रूमी गेट और छोटा इमामबाड़ा के आसपास दुकानों का अवैध सौदा हो रहा है। जमीनों पर लगातार अवैध कब्जे और अतिक्रमण हो रहे हैं। हुसैनाबाद ट्रस्ट मूकदर्शक बना हुआ है। इस भ्रष्टाचार में अधिकारी भी शामिल हैं। ट्रस्ट की संपत्ति का सामान गायब हो रहा है। ट्रस्ट की जमीन पर लगे कीमती पेड़ काटकर बेच दिए गए, मगर उन लोगों के ऊपर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। हर महीने ट्रस्ट की लाखों रुपए की आमदनी होती है, लेकिन उसका भी कोई हिसाब-किताब नहीं है।

आजम खान के छूटने पर बयान देते हुए मौलाना कल्बे जव्वाद ने कहा कि उनके ऊपर मुर्गी चोरी का इल्जाम था, इसलिए बाहर आना था। जिन लोगों ने रमजान के महीने में रोजेदार का मर्डर किया। उनके ऊपर तो मुकदमा भी नहीं हुआ। ट्रस्ट का करोड़ों का माल बंद करने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। मौलाना कल्बे जव्वाद ने सैकड़ों नमाजियों के साथ हुसैनाबाद ट्रस्ट और जिलाधिकारी के खिलाफ मौलाना ने हुंकार भरी। लब्बैक (मैं हाजिर हूं) या हुसैन का नारा लगाते हुए बड़ा इमामबाड़ा से बाहर निकले। 100 मीटर पैदल मार्च करके विरोध प्रदर्शन किया। 100 मीटर के बाद ठाकुरगंज पुलिस ने बैरिकेडिंग करके प्रदर्शनकारियों को रोक लिया। मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों ने मौलाना से बात करके कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद प्रदर्शन खत्म हुआ।

मौलाना कल्बे जव्वाद ने कहा कि हुसैनाबाद ट्रस्ट कि साल की इनकम 18 करोड़ है, आमदनी का पैसा कहां जा रहा है पता नहीं। ट्रस्ट का माल खाकर अधिकारी अरबपति हो जाते हैं। मोटी रिश्वत देकर यहां पर तैनात होते हैं। हुसैनाबाद ट्रस्ट के अंदर में 200 से अधिक दुकानें हैं, जिनसे 2 लाख से अधिक की वसूली होती है। पुरानी फूल मंडी के पास ट्रस्ट की जमीन को पहले पुल के निर्माण में दिया गया। उसके बाद अब सड़क निर्माण के लिए दे दिया गया। डीएम को कोई अधिकार नहीं है, जो वह जमीन दे रहे हैं। डीएम इतने दयालु हैं कि मुफ्त जमीन बांट रहे हैं। वह बताएं कि क्या यह उनके बाप का माल है? यह कोई आखिरी प्रदर्शन नहीं है, अगला जुमा आएगा फिर हम लोग विरोध करेंगे। 'आई लव मोहम्मद' पर मौलाना बोले कि सबको धार्मिक गाना लगाने का अधिकार। इसमें राजनीतिक लोग घुस गए हैं, इसलिए हमने अभी इसको अलग रखा है। सियासी पार्टियां इस नारे का फायदा उठाना चाहती हैं। हम उसके खिलाफ हैं। हिंदू भाई आई लव राम कह सकते हैं। मुस्लिम भाई आई लव मोहम्मद कह सकते हैं। किसी का दिल चाहे तो वह आई लव रावण और आई लव शैतान भी कहे।

### डीएम अपनी कोठी अनाथालय को दे दें

मौलाना ने कहा कि डीएम कह रहे हैं कि अच्छे काम के लिए जमीन दे रहे हैं, तो वह अपनी कोठी अनाथालय को दे दें। यह जमीन किसी को देने का उनके पास अधिकार नहीं है। वह सिर्फ केयरटेकर हैं। नया डीएम आता है, तो इमानदार होता है। बाद में करोड़ों की संपत्ति देखकर उसका ईमान खराब हो जाता है। घंटाघर के पास अधिकारियों ने पैसा लेकर दुकान अलॉट कर दी। घंटाघर की असली घड़ी चोरी हो चुकी है उस पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

## स्कंदमाता



शारदीय नवरात्रि का पावन पर्व चल रहा है। कल यानी 27 सितंबर को पंचम नवरात्रि है। नवरात्रि के पांचवें दिन मां दुर्गा के पंचम स्वरूप स्कंदमाता की विशेष पूजा–आराधना की जाती है। स्कंदमाता माता अपने भक्तों पर पुत्रवत स्नेह लुटाती हैं और उनकी कृपा से जीवन में सकारात्मक बदलाव आते हैं। मान्यता है कि इस दिन मां की उपासना करने से नकारात्मक शक्तियों का नाश होता है और असंभव कार्य भी संभव हो जाते हैं। माता स्कंदमाता का यह स्वरूप विशेष रूप से नवरात्र की पंचमी तिथि पर पूजनीय माना गया है। मां स्कंदमाता की गोद में भगवान कार्तिकेय विराजमान हैं, इस कारण उन्हें स्कंदमाता कहा जाता है। माता कमल के आसन पर बैठी हैं, इसलिए उन्हें पद्मासना देवी भी कहा जाता है। मां के वाहन का स्वरूप सिंह है, जो उनकी शक्ति और साहस का प्रतीक है।

### पूजा- विधि

पंचमी तिथि के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और स्वच्छ वस्त्र धारण करें। मां की प्रतिमा को गंगाजल से स्नान कराएं। इसके बाद मां को पुष्प, रोली और कुमकुम अर्पित करें। मिष्ठान और पांच प्रकार के फलों का भोग लगाएं। भक्ति और ध्यान के साथ मां की आरती करें। पूजा के दौरान मां का ध्यान अधिक से अधिक करें और मन में शुद्ध विचार रखें।

### मां की व्रत कथा

मां स्कंदमाता को केले और खीर का भोग विशेष प्रिय है। उनके पूजन में सफेद रंग के वस्त्र पहनना शुभ माना जाता है, वहीं पीले रंग के वस्त्र भी पूजा के दौरान धारण किए जा सकते हैं। सफेद रंग शांति और पवित्रता का प्रतीक है, जो मां की उपासना में और अधिक शक्ति प्रदान करता है। मां स्कंदमाता की पूजा से संतान सुख की प्राप्ति होती है। उन्हें विद्यावाहिनी दुर्गा भी कहा जाता है। माता की कृपा से भक्त के जीवन में अलौकिक शक्ति, सुख–शांति और समृद्धि आती है। उनकी उपासना से मानसिक तनाव दूर होता है और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है।

### ध्यान मंत्र

या देवी सर्वभूतेषु माँ स्कंदमाता रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।

# महिला सशक्तिकरण पर शिया पीजी कॉलेज में विशेष कार्यक्रम आयोजित



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण को लेकर शिया पीजी कॉलेज सीतापुर रोड में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उच्च पदस्थ पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं को महिला सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ दीं और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता शिया इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल सैयद हसन सईद नक़वी तथा शिया गर्ल्स इंटर कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. सबा रज़ा ने की। दोनों प्राचार्यों ने छात्राओं को महिला सशक्तिकरण का महत्व बताते हुए कहा कि शिक्षा ही महिलाओं की सबसे बड़ी ताकत है। शिक्षित महिला न केवल स्वयं को सुरक्षित बना सकती है, बल्कि समाज में भी सकारात्मक बदलाव ला सकती है। इस अवसर पर आए पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान की जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर्स, आपातकालीन सेवाओं और कानूनी अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि हर लड़की को यह जानकारी होनी चाहिए कि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत पुलिस या प्रशासन से कैसे संपर्क किया जा सकता है। कार्यक्रम में छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे और अधिकारियों से सुरक्षा उपायों से जुड़ी कई जानकारियाँ प्राप्त कीं।

अधिकारियों ने छात्राओं से अपील की कि वे समाज में महिला सुरक्षा और सम्मान के संदेश को आगे बढ़ाएँ और अपने आस-पास की महिलाओं को भी जागरूक करें। अंत में प्राचार्यगण ने पुलिस विभाग का आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे कार्यक्रम समय-समय पर होते रहने चाहिए ताकि छात्राओं में आत्मविश्वास और जागरूकता बढ़े।

# गोमती पुस्तक महोत्सव का सातवां दिन लखनऊ में रहा यादगार

## कहानी, शायरी और संगीत : लेखकगंज में एक दिलचस्प चर्चा, नवाबों की नगरी में उर्दू प्रेमियों का संगम, कत्थक व लाइव संगीत

» मेहमानों का स्वागत कर उन्हें शॉल और किताबें भेंट कीं

» महोत्सव में उर्दू शायरी की ताकत को रेखांकित किया





**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** लाखों लोगों की भीड़ और हजारों किताबों की बिक्री के साथ, राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत का गोमती पुस्तक महोत्सव लखनऊ में साहित्य, संस्कृति और रचनात्मकता का एक जीवंत केंद्र बन गया है, जो हर उम्र के लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है। यह महोत्सव माननीय प्रधानमंत्री के ज्ञान आधारित समाज के निर्माण और 'मेक इंडिया रीड' मिशन को आगे बढ़ाने के दृष्टिकोण के अनुरूप है और राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 के लक्ष्यों को भी दर्शाता है, जो शिक्षा में बुनियादी साक्षरता, बहु-भाषीयता, रचनात्मकता, आलोचनात्मक सोच और डिजिटल एकीकरण पर जोर देता है।

यह उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री के विकसित उत्तर प्रदेश@2047 के दृष्टिकोण के साथ भी मेल खाता है, जो ज्ञान, नवाचार और समावेशिता की संस्कृति को बढ़ावा देकर राज्य को समग्र प्रगति की ओर ले जाएगा। सातवें दिन, बच्चों के कोने में सुबह के तीन सत्रों में लखनऊ शहर के विभिन्न स्कूलों के 600 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। दिन की शुरुआत म्यूज़िकल ड्राइंग गेम 'राउंड द रिडल' से हुई, जो स्कूली बच्चों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। इस मज़ेदार गतिविधि के बाद, सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों को एनबीटी द्वारा प्रकाशित किताबें उपहार में दी गईं। जाने-माने कहानीकार जयश्री सेठी के दूसरे सत्र 'आइए, एक कहानी सुनते हैं' में कठपुतली का इस्तेमाल करके कहानी सुनाने की पुरानी परंपरा में एक नया मोड़ आया। तीसरे और अंतिम सत्र में, फरमा और मुस्कान ने एक मनोरंजक थिएटर कार्यशाला का आयोजन किया, जिसने बच्चों में रचनात्मकता और अभिव्यक्ति को बढ़ावा दिया। दिन का समापन नाश्ते और हंसी-मज़ाक के साथ हुआ। 'मसाला मंडी' पुस्तक के लेखक सदफ हुसैन ने देश भर की यात्रा करके मसालों को गहराई से समझने और पहचानने के अपने अनुभव के बारे में पल्लवी विनोद से बातचीत की।

लेखक ने सभी की जिज्ञासाओं को उत्सुकता से शांत किया और यह भी बताया कि उन्होंने अपने घर से खाना पकाने की 'मास्टर रेसिपी' कैसे सीखी। डॉ. ललित किशोर मंडोरा ने दोनों मेहमानों का स्वागत किया और उन्हें शॉल और किताबें भेंट कीं। एक अन्य सत्र में, गोमती महोत्सव, 2025 में 'पिक्चर वर्ड्स : द राइज ऑफ ग्राफिक नरेटिव्स' सत्र में इस क्षेत्र के प्रमुख लोग जैसे सौमित्र दासगुप्ता, उत्तम पाल सिंह और इशिता देबनाथ विश्वास शामिल हुए। इस पैनल ने ग्राफिक स्टोरीटेलिंग के बढ़ते प्रभाव पर चर्चा की, जो कला और साहित्य को मिलाकर हर उम्र के पाठकों को आकर्षित करती है, चाहे वह कॉमिक्स हो या चित्र युक्त किताबें। लखनऊ विश्वविद्यालय के उर्दू विभाग के सहयोग से आयोजित एक मुशायरे ने दोपहर को एक अलग ही रंग दिया। इसमें डॉ. असमत मलिहाबादी, फ़ारूक जैसी, रश्मि बादशाह, डॉ. ओमैर मंज़र, रूबीना अय्याज और वेद प्रकाश संजर जैसे मशहूर शायर शामिल हुए। प्रोफेसर अब्बास रज़ा नय्यर ने इस सत्र की कुशलतापूर्वक अध्यक्षता की और उर्दू शायरी की ताकत को रेखांकित किया।

उर्दू की सुंदरता का जश्न मनाते हुए, शायरी ने दर्शकों के बीच हंसी और चिंतन का माहौल बनाया। हिंदी और उर्दू दोनों से प्यार करने वाले पाठकों की मुशायरे में उत्साहपूर्ण भागीदारी ने साहित्यिक परंपरा और किताबों के प्रति उनकी गहरी निष्ठा को दर्शाया। शाम में, बिरजू महाराज कथक संस्थान (बीएमएकेएस) ने शानदार शास्त्रीय प्रस्तुतियाँ दीं। कार्यक्रम की शुरुआत राग ललित में भगवान गणेश के लिए पारंपरिक वॉयकल प्रार्थना से हुई, इसके बाद पारंपरिक और लयबद्ध रचनाओं के साथ एक शानदार तबला प्रस्तुति हुई।

मुख्य आकर्षण था सुंदर कथक नृत्य, जिसमें माँ दुर्गा को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई और अंत में 'शिवोहम' रचना पर एक आकर्षक सरगम प्रस्तुति हुई। इसके बाद दिल्ली का मशहूर लाइव म्यूज़िक बैंड 'साधो बैंड' आया। यह बैंड सूफी, भक्ति भजन, बॉलीवुड हिट और लोक संगीत के मिश्रण वाली अपनी शानदार प्रस्तुतियों के लिए जाना जाता है। बैंड ने पारंपरिक संगीत को आधुनिकता के साथ मिलाकर गोमती बुक फेस्टिवल के सातवें दिन एक आध्यात्मिक माहौल बनाया। सबसे खास बात यह है कि इस महोत्सव को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला और काफी संख्या रही।

# लौकिक–अलौकिक वाश चित्रकार राजेन्द्र प्रसाद की एकल प्रदर्शनी







**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में मदन मोहन मालवीय मार्ग जोपलिंग रोड पर स्थित कोकोरो आर्ट गैलरी में कल दिनांक 27 सितंबर 2025 को सायं 4 बजे वाश शैली के वरिष्ठ चित्रकार राजेन्द्र प्रसाद जी के 15 वाश शैली में बने कृतियों की एकल प्रदर्शनी लौकिक - अलौकिक लगाई जा रही है। प्रदर्शनी की क्यूरेटर वंदना सहगल जी हैं। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन रंगमंच, टेलीविजन एवं फिल्म जगत के वरिष्ठ अभिनेता अनिल रस्तोगी करेंगे।

# कॉलेज में छात्राओं को सिखाए गए स्वच्छता के गुर



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** प्रदेश में लोक कलाओं को सहेजने वाली संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार की संस्था लोक कला संग्रहालय अपनी लोक संस्कृति के प्रचार प्रसार के लिए तो जानी ही जाती है, वह शैक्षिक संस्थानों के सहयोग से राज्य सरकार की नीतियों का समुचित क्रियान्वयन करने में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती है।

इसी क्रम में बालिका विद्यालय इंटरमीडिएट कॉलेज, मोती नगर, लखनऊ और लोक कला संग्रहालय, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आज विद्यालय में स्लोगन प्रतियोगिता, श्रमदान और पौधारोपण करवाया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ लीना मिश्र ने लोक कला संग्रहालय के संग्रहालयाध्यक्ष डॉ कृष्ण ओम सिंह, वीथिका सहायकद्वय अनुपमा सिंह और छाया का विद्यालय परिसर में स्वागत किया तथा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ लीना मिश्र ने दिनचर्या और जीवन में स्वच्छता के महत्त्व के विषय में छात्राओं को जानकारी दी। उसके पश्चात स्लोगन प्रतियोगिता का प्रारंभ हुआ। स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन रागिनी यादव और मंजुला यादव के निर्देशन में हुआ। कक्षा 6 से कक्षा 12 तक 75 छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। स्वच्छता के महत्व को बताते हुए छात्राओं ने सुंदर और संप्रेषणीय स्लोगन तैयार किये। उमा रानी यादव, सीमा आलोक वार्ष्णेय, पूनम यादव और रागिनी यादव ने जूनियर तथा सीनियर वर्ग में प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार हेतु तीन-तीन विजेताओं का चयन किया। सीनियर वर्ग में कक्षा 10 की अनुराधा जायसवाल प्रथम स्थान, हर्षिता मिश्रा द्वितीय स्थान पर तथा सुमन कनौजिया तृतीय स्थान पर रही तथा जूनियर वर्ग में कक्षा 8 की इल्मा प्रथम, फातिमा द्वितीय और प्रिया तृतीय स्थान पर रही। इन समस्त विजयी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।

शालिनी श्रीवास्तव, अनिता श्रीवास्तव, माधवी सिंह, मीनाक्षी गौतम और प्रतिभा रानी का भी सहयोग रहा। स्वच्छता के संबंध में शपथ ग्रहण की गई।

# तीन विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस

## बिना प्राधिकार पत्र के कीटनाशक रसायन की बिक्री करने वाले तीन दुकानदारों पर हुई कार्रवाई

» इंटीग्रेटेड पेस्टीसाइड मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य रूप से कर लें



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** कृषकों को गुणवत्तायुक्त रसायनों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से आज दिनांक 26.09.2025 को जिला कृषि रक्षा अधिकारी लखनऊ द्वारा जनपद के मलिहाबाद विकास खंड के मैसर्स यादव पेस्टीसाइड्स, आशा कीटनाशक स्टोर एवं जयदुर्गा कीटनाशक केंद्र, माल रोड मलीहाबाद का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान उक्त प्रतिष्ठानों द्वारा बिना प्राधिकार पत्र के रसायनों की बिक्री करना, प्राधिकार पत्र का लाइसेंस पर अंकित न होना, लाइसेंस पर अंकित तकनीकी व्यक्ति का प्रतिष्ठान पर उपस्थित न होना तथा स्टॉक एवं बिक्री रजिस्टर उपलब्ध न होने क्रम में तीनों विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। जनपद के समस्त कीटनाशी विक्रेताओं को निर्देशित किया जाता है कि अपने प्रतिष्ठान पर भंडारित समस्त कीटनाशी रसायनों की कंपनियों का प्राधिकार पत्र अनिवार्य रूप से रखें एवं लाइसेंस पर अंकित करवायें, स्टॉक एवं बिक्री पंजिका अद्यतन रखें, प्रतिष्ठान पर कीटनाशकों के स्टॉक एवं रेट से संबंधित बोर्ड अवश्य लगायें तथा कृषकों को रसायन बिक्री की कैश/ क्रेडिट मेमो अनिवार्य रूप से निर्गत करें। साथ ही कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, भारत सरकार द्वारा विकसित आईपीएमएस (इंटीग्रेटेड पेस्टीसाइड मैनेजमेंट सिस्टम) पोर्टल पर अपना पंजीकरण अनिवार्य रूप से कर लें।

यदि निरीक्षण में किसी प्रतिष्ठान पर कोई अनियमितता प्रकाश में आएगी तो संबंधित के विरुद्ध कीटनाशक अधिनियम 1968, नियम, 1971 एवं आदेश, 1986 के सुसंगत प्रावधानों के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी।

# निगोहां की छात्रा आन्या शुक्ला बनी एक दिन की एसीपी, सुनी समस्या



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**मोहनलालगंज।** मिशन शक्ति अभियान के तहत गुरुवार को सेंट फ्रांसिस इंटर कॉलेज, निगोहां की कक्षा 11 की छात्रा आन्या शुक्ला ने एक दिन के लिए एसीपी मोहनलालगंज का पदभार संभाला। इस विशेष अवसर पर आन्या ने पुलिस अधिकारियों की भांति न केवल फरियादियों की समस्याएं सुनीं, बल्कि मौके पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश देकर सभी को प्रभावित किया।

एसीपी की कुर्सी पर बैठते ही आन्या ने आम जनता से सीधे संवाद किया और उनकी शिकायतें गंभीरता से सुनीं। मेरठ निवासी रमेश चंद्र वर्मा ने गांव मीनापुर (सिसेंडी चौकी क्षेत्र) में खरीदी गई भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत की। आन्या ने तुरंत संबंधित चौकी प्रभारी को कार्रवाई के निर्देश देते हुए त्वरित समाधान सुनिश्चित कराया।एक अन्य प्रकरण में ग्राम गोबिन्दपुर निवासी सुमन पत्नी राम प्रकाश ने घरेलू हिंसा और जान से मारने की धमकी की शिकायत की। सुमन ने बताया कि उनका पति शराब पीकर मारपीट करता है और बच्चों सहित उन्हें घर से निकालने की धमकी देता है। आन्या ने इस गंभीर मामले पर बीट प्रभारी को एक घंटे में कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके बाद आन्या ने थाना मोहनलालगंज का निरीक्षण किया। वहां उन्होंने मिशन शक्ति केंद्र की कार्यप्रणाली, महिला हेल्प डेस्क और रजिस्टरों की समीक्षा की। इस मौके पर एसीपी रजनीश वर्मा, प्रभारी निरीक्षक डी.के. सिंह, थानाध्यक्ष अनुज तिवारी और बाल अधिकार आयोग के सदस्य डॉ. अमरदीप सिंह भी उपस्थित रहे।

**नई खोज** 15 फीसदी लोग वैरिकोज वेन और डीवीटी से हो सकते हैं प्रभावित, नई तकनीक से पैर काटने की दर में आई है कमी

# स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी की सूची में पीजीआई के 15 प्रोफेसर्स शामिल



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** कैलिफोर्निया स्थित स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी द्वारा हाल ही में जारी दुनिया के शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में संजय गांधी पीजीआई, लखनऊ के 15 प्रोफेसर्स को स्थान मिला है। इन प्रोफेसर्स के नाम इस प्रकार हैं: 1. प्रो. राधा के धीमन (निदेशक एवं हेपटोलॉजी विभाग) 2. प्रो. बलराज मित्तल (सेवानिवृत्त, मेडिकल जेनेटिक्स विभाग) 3. प्रो. रमा देवी मित्तल (सेवानिवृत्त, यूरोलॉजी विभाग) 4. प्रो. राकेश अग्रवाल (गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभागाध्यक्ष) 5. प्रो. अमिता अग्रवाल (विभागाध्यक्ष, क्लिनिकल इम्यूनोलॉजी) 6. प्रो. उदय चंद्र घोषाल (पूर्व विभागाध्यक्ष, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी) 7. प्रो. जयंती कालिता (विभागाध्यक्ष, न्यूरोलॉजी) 8. प्रो. गौरव अग्रवाल (विभागाध्यक्ष, एंडोक्राइन एवं ब्रेस्ट सर्जरी) 9. प्रो. उज्जल पोद्दार (विभागाध्यक्ष, पीडियाट्रिक गैस्ट्रोएंटरोलॉजी) 10. प्रो. अंशु श्रीवास्तव (पीडियाट्रिक गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग) 11. प्रो. नारायण प्रसाद (विभागाध्यक्ष, नेफ्रोलॉजी) 12. प्रो. मोहन गुर्जर (क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग) 13. डॉ. प्रभाकर मिश्रा (एडिशनल प्रोफेसर, बायोस्टैटिस्टिक्स एवं हेल्थ इंफॉर्मेटिक्स) 14. डॉ. दुर्गा प्रसन्ना मिश्रा (एडिशनल प्रोफेसर, क्लिनिकल इम्यूनोलॉजी) 15. डॉ. रोहित ए. सिन्हा (एसोसिएट प्रोफेसर, एंडोक्रिनोलॉजी)।

**पीजीआई में वीनस डिजीज में सीएमई**

**लखनऊ।** ड्राइवर, ऑफिस कर्मचारी, गर्भवती महिलाएं और बुजुर्ग में पैर की नसों में रुकावट की आशंका 15 फीसदी लोग वैरिकोज वेन और डीवीटी से हो सकते हैं प्रभावित इलाज की नई तकनीक से पैर काटने की दर में आई है कमी 10-15 फीसदी में वैरिकोज वेन की समस्या होती है। डीप वेन थ्रोम्बोसिस लगभग 1-2 फीसदी लोगों को प्रभावित करता है। ये दोनों नसों से जुड़ी गंभीर बीमारियां हैं जिसका सही समय पर सही इलाज न मिलने पर खतरा बन सकती हैं। खासकर उन लोगों में जोखिम अधिक होता है, जिनका काम लंबे समय तक खड़े रहने या बैठने वाला होता है, जैसे ड्राइवर, ऑफिस कर्मचारी, गर्भवती महिलाएं और बुजुर्ग। यह बात इंडियन सोसाइटी ऑफ़ वीनस डिजीज द्वारा आयोजित सीएमई के आयोजक सामान्य अस्पताल के सर्जन डॉ. वृजेश सिंह और प्लास्टिक सर्जरी विभाग के प्रो. अंकुर भटनागर ने कही। उद्घाटन प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा अमित कुमार घोष ने किया था, जिसमें संस्थान के निदेशक और कई संकाय सदस्य भी मौजूद थे।

इलाज न होने पर पैर काटने की नौबत आती है प्रो. अंकुर भटनागर के अनुसार, वैरिकोज वेंस अल्सर और डीवीटी का समय पर इलाज न होने पर घाव और संक्रमण गहराते हैं, जिससे सेप्सिस (संक्रमण) के कारण कभी-कभी पैर काटने की जरूरत पड़ सकती है। गंभीर और अनदेखे वेरिकोज अल्सर के कारण पैरों की कटाई (अंपुटेशन) की दर लगभग 1-3 फीसदी तक देखी गई है। पहले यह दर 4-6 फीसदी तक थी, लेकिन तकनीक और जागरूकता के कारण इसमें कमी आई है। क्या है वैरिकोज वेंस और डीवीटी इसमें टांगों की नसों के वाल्व कमजोर हो जाते हैं और रक्त वापस सही दिशा में नहीं पहुंच पाता। इससे नसें फैल जाती हैं, सूज जाती हैं और त्वचा पर अल्सर या घाव बनने लगते हैं।

डीवीटी में गहरी नसों में खून का थक्का जम जाता है, जिससे रक्त प्रवाह बाधित होता है। शुरूआत में दवा से भी इलाज संभव इसमें शुरुआती इलाज दवाओं से होता है। वैरिकोज वेंस में दर्द निवारक, सूजन कम करने वाली दवाएं और रक्त परिसंचरण सुधारने वाली दवाएं दी जाती हैं। डीवीटी में रक्त पतला करने वाली दवाएं थक्कों को बढ़ने से रोकती हैं।जब दवाएं काम नहीं करतीं, घाव गहरा हो या थक्का बड़ा हो जाए, तब इंटरवेंशन प्रक्रियाएं अपनाई जाती हैं, जिनमें शामिल फोम स्क्लेरोथेरेपीः दवा को झाग के रूप में प्रभावित नस में डाला जाता है, जिससे नस सिकुड़ जाती है। लेजर एब्लेशनः लेजर किरणों से नस को अंदर से बंद किया जाता है, जिससे सूजन कम होती है और घाव जल्दी भरते हैं। मैकेनिकल थ्रोम्बेक्टोमीः डीवीटी के थक्के को कैथेटर से हटाने की प्रक्रिया, जो तुरंत राहत देती है।

**यह परेशानी तो तुरंत लें सलाह**

टांगों में लगातार दर्द -सूजन या गर्माहट महसूस होना-त्वचा पर नीले या गहरे रंग के धब्बे -टांगों में गांठ या सूजी हुई नसें दिखना-टांगों में घाव या अल्सर होना -पैरों में कमजोरी या भारीपन महसूस होना यह करके कम कर सकते हैं आशंकाः -वजन नियंत्रित रखें -लंबे समय तक बिना हिले-डुले न बैठें और न खड़े रहें।

## एक नजर

### मोबाइल लूटने में तीन युवक गिरफ्तार

**लखनऊ।** सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में शाम को अपनी बेटी के साथ टहल रही महिला से तीन नाबालिक लड़कों ने मोबाइल फोन लूट लिया।सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के हीरालाल नगर निवासी पूनम सिंह 25सितंबर को अपनी बेटी के साथ सायं 8:30 बजे सैनिक सोसायटी गुरुद्वारा के पास टहल रही थी । पीडिता का कहना है कि शाम को वह टहलते हुए गुरुद्वारे के सामने से अपनी बेटी के साथ घर जा रही थी तभी पीछे से तीन लड़कों ने आकर उनका मोबाइल फोन हाथ से छीन कर गुरुद्वारे की तरफ भागने लगे । पीडिता का कहना है कि जब वह और उनकी बेटी ने चिल्लाना शुरू किया तो वहां पर टहल रहे ओमप्रकाश, तनिष्क मिश्रा, रवि सिंह और नितिन अवस्थी ने दौड़ाकर तीनों लड़कों को मोबाइल सहित पकड़ लिया। पीड़ित महिला का कहना है कि जब तीनों लड़कों से उनका नाम पूछा गया तो वह अपना नाम सूरज भारती, सचिन कुमार और सावन बताये। जिनकी उम्र 15 से 17 साल थी। पीडिता ने इसकी सूचना सरोजनीनगर थाने को दी।मौके पर पहुंची सरोजनीनगर पुलिस ने तीनों को पकड कर थाने ले आई सरोजनीनगर पुलिस ने उनके पास से लूटा हुआ मोबाइल बरामद कर लिया और मामले की कार्रवाई कर रही है।

### आपात सेवा टीम को मिला अंतरराष्ट्रीय सम्मान

**लखनऊ।** महाकुंभ-2025 के सफल आयोजन में अपनी अद्वितीय कार्यशैली और उत्कृष्ट सेवाओं का लोहा मनवाने वाली उत्तर प्रदेश अग्निशमन एवं आपात सेवा विभाग ने एक और उपलब्धि अपने नाम की है। मुंबई के गोरेगांव स्थित बॉम्बे एग्ज़ीबिशन सेंटर में दिनांक 24. सितम्बर 25 को आयोजित इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंजिनियर्स इंडिया के अंतरराष्ट्रीय समारोह में विभाग को फ़ायर और सेफ्टी एक्ससिलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह अवार्ड फायर एवं सेफ्टी के क्षेत्र का सर्वोच्च पुरस्कार माना जाता है। अवार्ड को विभागाध्यक्ष एडीजी श्रीमती पद्मजा चौहान आई पी एस , महाकुंभ मेले के नोडल अधिकारी प्रमोद शर्मा (सीएफओ) और जोन महाकुंभ के चीफ फायर ऑफिसर अंकुश मित्तल ने ग्रहण किया।
कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर की सराहना कार्यक्रम में इंस्टिट्यूट ऑफ फायर इंजीनियर्स इंडिया के डायरेक्टर जनरल यू.एस. छिल्लर, डायरेक्टर के.सी. वाधवा, ओडिशा फायर एंड इमरजेंसी सर्विस के महानिदेशक डॉ. सुधांशु सारंगी आई पी एस तथा उत्तर प्रदेश पुलिस के पूर्व महानिदेशक ओ.पी. सिंह आई पी एस जैसी हस्तियों ने यूपी अग्निशमन विभाग के कार्यों की खुलकर सराहना की। सभी ने महाकुंभ-2025 के विशाल आयोजन को सुरक्षित संपन्न कराने के लिए मुख्यमंत्री योगी और यूपी अग्निशमन विभाग की सराहना की।

### सड़क नाली निर्माण का पार्षद ने किया शिलान्यास



**लखनऊ।** वार्ड सरोजनी नगर सेकेंड के आजाद नगर कालोनी में भाजपा कार्यकर्ता विनोद चौरसिया की गली में सड़क नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास पार्षद राम नरेश रावत एडवोकेट के द्वारा किया गया। शिलान्यास कार्यक्रम पूरी विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करके पार्षद राम नरेश रावत ने अपने पार्टी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में किया गया। पार्षद राम नरेश रावत ने विनोद चौरसिया मंडल अध्यक्ष के के श्रीवास्तव से नारियल तुड़वाकर कार्य का शिलान्यास किया। पार्षद राम नरेश रावत ने बताया की आजाद नगर की गली की जनता पानी में डूबकर दस सालों से चलने को मजबूर थी। इसी को देखते हुए पार्षद निधि से 6 लाख रुपए की लागत से 100 मीटर लंबी दो मीटर चौंडी सड़क नाली सुधार का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। पार्षद राम नरेश रावत के साथ शिलान्यास कार्यक्रम में के के श्रीवास्तव मंडल अध्यक्ष विनोद चौरसिया चन्द्र भान सिंह धनेश मिश्रा अशोक ओझा अनूप मिश्रा ललिता गिरी राजेश गुप्ता अमर नाथ यादव व कालोनी की तमाम माताएं बहने आदि उपस्थिति रहे। पार्षद राम नरेश रावत ने बताया की महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल विधायक राजेश्वर सिंह सरोजनी नगर की वजह से वार्ड में विकास कार्य हो रहे है।

### तेलीबाग समिति द्वारा पर्वतीय रामलीला का मंचन

**लखनऊ।** तेलीबाग के ऐतिहासिक विनायकी तालाब, स्थित पार्क में शुक्रवार से पर्वतीय रामलीला समिति तेलीबाग द्वारा सात दिवसीय रामलीला मंचन का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। रामलीला की शुरुआत मंचासीन पात्रों ने गणेश वन्दना के साथ की, प्रथम दिन की रामलीला में प्रभु श्री राम जन्म, तत्पश्चात विश्वामित्र - दशरथ संवाद,तड़का वध, अहिल्या तारण, श्रीराम-सीता बाटिका प्रसंग का मंचन किया गया,जिसे देख कर भक्त, भाव विभोर हो गए, बिशन दत्त जोशी अध्यक्ष पर्वतीय रामलीला समिति तेलीबाग ने बताया कि समिति द्वारा विगत 40 वर्षों से रामलीला का मंचन किया जा रहा है। रामलीला का मंचन पर्वतीय रामलीला समिति तेलीबाग द्वारा किया जाता है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे जोश और हर्षोल्लास से मनाया जाएगा, भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने सरकार द्वारा समिति को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया,जिससे पर्वतीय समाज अपनी संस्कृति को संजोए रख सके। कार्यक्रम में विधायक सरोजनी नगर के प्रतिनिधि एवं पार्षद खरिका वार्ड संख्या प्रथम के.एन सिंह , पार्वतीय महापरिषद के अध्यक्ष गणेश चन्द्र जोशी जी,भाजपा के सरोजनीनागर विधानसभा के सोशल मीडिया संयोजक मोहन चंद्र भटट सहित हजारों की संख्या में उपस्थित भक्तों ने भक्ति रस का पान किया।

### विहिप-बजरंगदल ने एडीएम को सौंपा ज्ञापन



**मोहनलालगंज।** लखनऊ ।नवरात्रि पर्व पर गरबा और डांडिया जैसे धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अनुशासन और मर्यादा बनाए रखने के लिए शुक्रवार को विश्व हिंदू परिषद और बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचकर एडीएम महोदय को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री धीरज सोनकर, बजरंगदल के जिला संयोजक शुभम सिंह गौर अधिवक्ता सचिन सिंह, शिवजीत व अखिलेश समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन में कहा कि नवरात्रि पर्व भारतीय संस्कृति और आस्था का प्रतीक है। हर साल श्रद्धालु बड़ी संख्या में गरबा और डांडिया कार्यक्रमों में शामिल होते हैं। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में इन आयोजनों में अनावश्यक भीड़, लव जिहाद की घटनाएँ, अश्लील गानों का प्रयोग, देर रात तक कार्यक्रम चलना तथा बाहरी असामाजिक तत्वों की मौजूदगी जैसी समस्याएँ सामने आई हैं। इससे न केवल धार्मिक भावनाएँ आहत होती हैं बल्कि कानून-व्यवस्था पर भी असर पड़ता है। बजरंगदल संयोजक शुभम सिंह गौर अधिवक्ता ने कहा, "हमारी मांग है कि इन आयोजनों में केवल हिंदू श्रद्धालुओं को ही प्रवेश मिले और पहचान पत्र की अनिवार्यता हो। रात 10 बजे के बाद कार्यक्रम पूरी तरह बंद करा दिए जाएँ ताकि महिला सुरक्षा और ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण रह सके ।जिला मंत्री धीरज सोनकर ने जोड़ा, हम चाहते हैं कि ऐसे कार्यक्रम पूरी मर्यादा और गरिमा के साथ हों। प्रशासन यदि समय रहते कदम उठाएगा तो पर्व का महत्व और बढ़ेगा ।ज्ञापन पर प्रतिक्रिया देते हुए एडीएम महोदय ने कार्यकर्ताओं को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों पर विचार किया जाएगा और नवरात्रि पर्व के दौरान शांति व सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित विभागों को भेजे जाएंगे ।कार्यकर्ताओं ने प्रशासन का आभार जताते हुए उम्मीद जताई कि इस बार नवरात्रि का पर्व पूरी तरह शांतिपूर्ण, मर्यादित और गरिमामय माहौल में संपन्न होगा।

### रिटायर्ड कर्मचारी से एक लाख की साइबर ठगी

**लखनऊ।** आईटीआई मनकापुर गोण्डा से सेवानिवृत्त संजय कुमार सोनकर साइबर ठगी का शिकार हो गए। उनका बचत खाता स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की उतरेटिया शाखा में है। 8 सितंबर को खाता अपडेट कराने बैंक पहुंचे तो पता चला कि 11 जुलाई 2025 को उनके खाते से 1,01,400/- इंटरनेट बैंकिंग के जरिए निकाल लिए गए हैं। पीड़ित का कहना है कि उन्होंने न तो किसी को राशि ट्रांसफर की और न ही ऐसे किसी व्यक्ति को जानते हैं जिसके खाते में पैसे गए। बैंक अधिकारियों ने भी जानकारी देने में असमर्थता जताई। संजय सोनकर ने बताया कि उन्होंने योनो एसबीआई ऐप चलाने की कोशिश की थी, तभी एक कॉल आया जिसमें कॉलर ने खुद को बैंक से बताते हुए मदद की बात कही थी।

# घटी जीएसटी मिला उपहार, धन्यवाद मोदी सरकार

## हजरतगंज मार्केट में नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा का संवाद, व्यापारियों को मिली नई दिशा

» जीएसटी रिफॉर्म से व्यापारियों व आमजन ने जताया पीएम नरेंद्र मोदी मोदी के प्रति आभार

**विश्ववार्ता संवाददाता**





**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने आज राजधानी के प्रमुख व ऐतिहासिक व्यावसायिक क्षेत्र हजरतगंज मार्केट का दौरा कर व्यापारियों और दुकानदारों से संवाद स्थापित किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए जीएसटी सुधारों पर विस्तृत चर्चा की और उनके लाभों को सरल भाषा में समझाया।

मंत्री श्री शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा कि जीएसटी आज देश की आर्थिक एकता और मजबूती का प्रतीक बन चुका है। यह सुधार न केवल व्यापारियों के लिए कर प्रणाली को सरल और पारदर्शी बना रहा है, बल्कि उपभोक्ताओं को भी इसका सीधा लाभ प्राप्त हो रहा है।उन्होंने कहा कि पहले अलग-अलग राज्यों और सेक्टरों में कर व्यवस्था जटिल और असमान थी, लेकिन अब एक राष्ट्र-एक टैक्स व्यवस्था से कारोबारी माहौल बेहतर हुआ है। इससे छोटे दुकानदार से लेकर बड़े व्यापारी तक सभी को समान अवसर मिल रहे हैं। संवाद के दौरान व्यापारियों और दुकानदारों ने कहा कि जीएसटी सुधार से उनके कामकाज में पारदर्शिता आई है, हिसाब-किताब आसान हुआ है और ग्राहकों का विश्वास भी बढ़ा है। व्यापारियों ने इसे व्यापार और उद्योग जगत के लिए गेम चेंजर बताया।

आमजन ने भी इसे उपभोक्ता हित में बताया और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के इस निर्णय के लिए आभार व्यक्त किया। मंत्री श्री शर्मा ने व्यापारियों को भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार हमेशा उनके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि व्यापारी वर्ग न केवल अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, बल्कि समाज के विकास का भी आधार है। सरकार उनके हितों की रक्षा और व्यापार को और अधिक सुगम बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है।

### भारत तिब्बत सीमा पुलिस ने लगाया स्वास्थ्य शिविर



**लखनऊ।** भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) द्वारा मोहनलालगंज के रानीखेड़ा डेहवा गांव में मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 375 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाएं दी गई। प्रधान, एसडीवी अकैडमी प्रबंधक एवं बेसिक शिक्षक संघ के मंडल अध्यक्ष लवकुश यादव के आवास पर डीआईजी आईटीबीपी आर एस चंदेल के नेतृत्व में सीएमओ सचिन दीक्षित, कमांडेंट सतीश कुमार यादव, असिस्टेंट कमांडेंट इंस्पेक्टर रमजान खान रहे।

## मिशन शक्ति : छात्राओं को मिला सुरक्षा व आत्मनिर्भरता का संदेश

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**मोहनलालगंज।** सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को मोहनलालगंज के खुजौली में स्तिथ कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में एक विशेष जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम मोहनलालगंज एसीपी रजनीश वर्मा एवं प्रभारी निरीक्षक मोहनलालगंज डी.के. सिंह की मौजूदगी में किया गया।एसीपी रजनीश वर्मा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हर लड़की में अपार प्रतिभा और क्षमता निहित होती है। उन्हें अपनी शिक्षा, आत्मविश्वास और साहस के बल पर समाज में अपनी पहचान बनानी चाहिए। जीवन की कठिन परिस्थितियों से डरने के बजाय विवेकपूर्ण निर्णय लेकर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी गई।एसीपी रजनीश वर्मा ने समझाया कि आजकल बच्चों को ऑनलाइन गेम्स के जरिए फंसाया जाता है। शुरुआत में छोटे-छोटे रिवाड्र्स देकर उनका झुकाव बढ़ाया जाता है और धीरे-धीरे उनसे पैसों की मांग की जाती है।

ऐसे मामलों में सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत माता-पिता व पुलिस को देने की सलाह दी गई।साइबर अपराधों जैसे नकली सोशल मीडिया आईडी बनाकर ब्लैकमेल करना, फर्जी कॉल्स और ईमेल से ठगी करना तथा अश्लील मैसेज भेजने जैसी गतिविधियों से बचाव के उपाय बताए गए।

# शैलपुत्री के दरबार में हर पूर्णिमा को लगता है मेला

## देवी शैलानी के नाम से जानी जाती हैं मां, जंगल में है मंगल ही मंगल

**राम दशरथ यादव**



**लखनऊ।** गोमती नदी से मिले हुए जंगल में जहां गांव के लोग कभी जाते हुए डरते थे आज उसी जंगल में मंगल ही मंगल है। मंगल करने वाली माता शैलपुत्री जिनको देवी शैलानी के नाम से जाना जाता है हर भक्त के अमंगल को मिटा कर मंगल करती हैं।

राजधानी के चिनहट क्षेत्र की सीमा से लगा हुआ है बाराबंकी के सतरिख थाना क्षेत्र का भोजपुर गांव। इसी गांव के पास जंगल में है माता शैलानी देवी का स्थान जहां हर रोज सैकड़ों भक्त दर्शन करने जाते हैं। शुक्रवार और सोमवार को भीड़ कुछ ज्यादा ही होती है। हर पूर्णिमा को यहां मेला लगता है जिसमें माघ माह की पूर्णिमा को बड़ा मेला होता है। माघ महीने की पूर्णिमा को मेला क्षेत्र श्रद्धालुओं से खचाखच भरा हुआ नजर आता है। इतना ही नहीं मेले में कई भंडारे भी लगते हैं। गोसाईगंज के श्रद्धालु भी हर वर्ष शैलानी माता के स्थान पर भंडारा जरूर लगाते हैं। नीम और पीपल पेड़ के नीचे डेरा जमाए मां के दरबार में एक दिशा से जाने और दूसरी से वापस निकलने का रास्ता है। तमाम भक्त मंदिर पर सत्यनारायण भगवान की कथा भी सुनते हैं। मुंडन संस्कार के साथ ही अन्य पारिवारिक रस्में भी लोग यहां पूरी करने के लिए यहां पहुंचते हैं।

माता के दरबार के पास एक कुंड बना हुआ है जो स्रोत से निकलते जल से हमेशा जलमग्न रहता है। जिसको कई वर्ष पहले पक्का बनाया जा चुका है। मां के दर्शन करने से पहले कुछ श्रद्धालु कुंड में स्नान करते हैं तो अधिकांश हाथ पैर धोकर पवित्र होकर मंदिर पहुंचते हैं। कुंड में मछलियां भी पली हैं जिनको देखना शुभ माना जाता है। माता जी के दरबार में भक्तों को मां का आशीर्वाद तो मिलता ही है प्रसाद, चाट, खिलौने, बिसातखाना तथा अन्य दुकानें लगाने वाले तमाम लोगों की रोजी रोटी भी चलती हैं। यह स्थान गोसाईगंज क्षेत्र के गोमती नदी के दौदामऊ घाट से काफी नजदीक पड़ता है। पहले इस घाट से नाव द्वारा नदी पार करके लोग मंदिर पहुंचते थे। अब नाव से लोगों का आना जाना कम ही होता है। करीब दो दशक पहले माघ मेले के दौरान इस घाट पर नाव डूबने से दर्जन भर लोगों की मौत हो गई थी जिनमें बच्चे भी शामिल थे।

तभी से नदी के रास्ते की जगह लोग इंदिरा डैम से होकर जाने लगे। मेला के लिए गोसाईगंज से सतरिख मार्ग तथा चिनहट सतरिख मार्ग के अलावा किसान पथ से सीधा रास्ता जाता है।

### निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की ली जानकारी

**लखनऊ।** जिलाधिकारी विशाख जी द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में ज़िला स्तरीय उद्योग बंधु समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की संबंध में विस्तृत चर्चा की गई तथा समय सीमा से परे लंबित प्रकरणों पर समस्त विभागों को निर्देशित किया गया कि निवेश मित्र पोर्टल पर प्रदर्शित समस्त प्रकरण का निस्तारण प्रत्येक दशा में करना सुनिश्चित करें। ऐसे विभागों को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक माह उद्योग बंधु बैठक की तिथि से तीन दिवस पहले पोर्टल पर समस्त समय सीमा से पड़े प्रकरणों को निस्तारित किया जाये।

बैठक में अमौसी तथा नादरगंज क्षेत्र में साफ़ सफ़ाई तथा कूड़े के निस्तारण के प्रकरण पर चर्चा की गई तथा यूपीसीडा द्वारा अवगत कराया गया की उनके द्वारा औद्योगिक क्षेत्र में डोर टू डोर गारबेज कलेक्शन का कार्य नियमित रूप से किया जा रहा है। समबन्धित औद्योगिक संगठन ने यूपीसीडा द्वारा कराये जा रहे कार्य की पुष्टि की तथा जिलाधिकारी को धन्यवाद ज्ञापित किया। तत पश्चात बैठक में सरोजिनी नगर औद्योगिक क्षेत्र में उत्पन्न हो रही स्ट्रीट लाइट की समस्या पूर्व बैठक में निर्गत निर्देशों के क्रम में यूपीसीडा द्वारा अवगत कराया गया की उनकी विद्युत टीम द्वारा स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत का कार्य सम्पादित कर दिया गया है तथा नई लाइट लगाने का कार्य प्रक्रियाधीन है। यूपीसीडा द्वारा स्ट्रीट लाइट्स का रिप्लेसमेंट अथवा नया इंस्टालेशन हेतु की जा रही कार्यवाही की संबंधित औद्योगिक संगठन द्वारा सराहना की। कार्यवाही किए जाने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# आंगनबाड़ी केन्द्रों पर कन्या पूजन कार्यक्रम का किया आयोजन

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विस्तृत कार्ययोजना जारी

**विश्ववार्ता संवाददाता**




**लखनऊ।** महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी मिशन शक्ति अभियान के पाँचवें चरण मिशन शक्ति 5.0 का लखनऊ में भव्य आगाज कर दिया गया है। आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी, लखनऊ, श्री विशाख जी0 की अध्यक्षता में आहूत हुई एक महत्वपूर्ण बैठक में इस चरण को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना जारी की गई है, जिसके तहत विभिन्न विभागों के सहयोग से जिले भर में व्यापक कार्यक्रम आयोजित किए जाएँगे।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि जनपद में संबंधित विभागों की सहभागिता से जनपद के विभिन्न संस्थानों, विद्यालयों, महाविद्यालयों तथा ग्राम पंचायत स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। जनपद में आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रमों का संक्षेप विवरण कन्या पूजन एवं बेटी बचाओ कार्यक्रम - समाज में बालिकाओं के जन्म के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने हेतु विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों पर कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन। सड़क सुरक्षा एवं आत्मरक्षा कार्यक्रम - बालिकाओं एवं महिलाओं को आत्मरक्षा कला का प्रशिक्षण, यातायात नियमों की जानकारी एवं जागरूकता रैली। साइबर क्राइम जागरूकता - उच्च शिक्षण संस्थानों एवं कॉलेजों में छात्राओं को साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी, नारी सुरक्षा ऐप्स, हेल्पलाइन नम्बर (1090, 181, 112) आदि के बारे में जानकारी प्रदान। **स्वास्थ्य एवं स्वच्छता कार्यक्रम** किशोरियों व महिलाओं को मासिक स्वच्छता, पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा परामर्श। सशक्तिकरण कार्यशालाएं - महिला एवं बालिकाओं को स्वरोजगार, उद्यमिता, डिजिटल साक्षरता, बैंकिंग सुविधाओं एवं शासकीय योजनाओं की जानकारी हेतु विशेष प्रशिक्षण दिया गया।

सामूहिक संवाद कार्यक्रम विभिन्न विभागों की सहभागिता से महिलाओं को सरकारी योजनाओं जैसे कन्या सुमंगला, मातृत्व सुरक्षा, मिशन शक्ति हब, मुख्यमंत्री आवास योजना आदि से लाभान्वित करने हेतु परामर्श। सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं जनजागरूकता - नुक्कड़ नाटक, पोस्टर प्रतियोगिता, रंगोली, वाद-विवाद, निबंध लेखन आदि प्रतियोगिताएं आयोजित कर महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक करना। महिला सहायता हेल्पलाइन प्रचार - प्रदेश स्तरीय हेल्पलाइन नंबर (1090, 112, 181, 1076 आदि) के बारे में व्यापक प्रचार-प्रसार। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक विभाग द्वारा अभियान के दौरान क्या-क्या कार्यक्रम आयोजित होने है उनका विस्तृत एकटिविटी कलेण्डर बनाकर प्रस्तुत किया जाए तथा अभियान के अंतर्गत जो भी कार्यक्रम आयोजित किये जाए उनका वृहद प्रचार-प्रसार कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस विभाग से समन्वय करते हुए अन्य विभागों के साथ ग्राम चैपालों का आयोजन किया जाए। उक्त के अतिरिक्त महिला पुलिस कर्मियों द्वारा ग्राम पंचायत हेतु नियुक्ति बी0सी0 सखी, राजस्व लेखपाल, ग्राम प्रधान सभासद, आगँनबाड़ी कार्यकर्यत्री, ए0एन0एम0, आशावर्कर तथा अन्य सरकारी विभागों के कर्मियों से समन्वय कर ग्राम पंचायत स्तर पर कैम्पो का अयोजन किया जाए। आयोजित किये जाने वाले कैम्पों में डीपीओ प्रोबेशन, स्वास्थ्य विभाग, बाल विकास पुष्टाहार विभाग, महिलाओं से सम्बन्धित योजनाओं के विभागों द्वारा महिला सुरक्षा से सम्बन्धित बिन्दुओं पर जागरुकता फैलाई जाए। जिसके सम्बन्ध में जिला पंचायतीराज अधिकारी को निर्देशित किया गया कि अभियान की अवधि के दौरान रोस्टर बनाकर समस्त ग्राम पंचायतों में कैम्पों का आयोजन कर सुनिश्चित किया जाए एवं इसी प्रकार से शहरी क्षेत्रों में नगर निगम के माध्यम से जोन वार कैम्पों का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

जिलाधिकारी ने बताया गया कि मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत जनपद स्तर पर भी वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विभिन्न विभागों के स्टॉलों की प्रदशर्नी, अच्छा कार्य करने वाली महिला ग्राम प्रधानों, उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिता अध्यापकों, महिला उद्यमियों, विभिन्न ऋण योजनओं की महिला लाभार्थियों व खेल जगत की महिला खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा एवं उनके सक्सेस स्टोरी के बारे में विचार साझा किये जाएंगे। उक्त के अतिरिक्त जनपद स्तर पर एक कॉन्क्लेव का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें सेक्टर वार नारी स्वावलंबन, नारी शिक्षा, नारी सुरक्षा एवं नारी सम्मान सम्बन्धित बिन्दुओं पर संवाद किया जाएगा। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा अपर नगर आयुक्त डॉ0 अरविन्द कुमार राव को निर्देशित किया गया कि अभियान के अंतर्गत नगर निगम/डूडा के साथ संयुक्त रुप से नगरीय क्षेत्र में भी एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाए। जिसमें पी0एम0 स्वनिधि योजना की महिला लाभार्थियों और प्रधानमंत्री आवास योजना का महिला लाभार्थियों की प्रतिभागिता को सुनिश्चित कराया जाए। अपर नगर आयुक्त द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि विभाग द्वारा अभियान के अंतर्गत नगर निगम के सभी वार्डों/जोनों में महिला हेल्पडेस्क की स्थापना की जा रही है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि शहरी क्षेत्र के समस्त वार्डों में जनपद प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया जाए। उक्त के अतिरिक्त सूचना विभाग एवं नगर निगम की एलईडी स्क्रीन्स पर मिशन शक्ति से सम्बन्धित लघु फिल्मों का प्रसारण करना सुनिश्चित कराया जाए।

जिलाधिकारी द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया कि अभियान अंतर्गत स्वास्थय विभाग के द्वारा मैटरनिटी हेल्थ एवं विभिन्न शासकीय स्वास्थय योजनाओं के बारे में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन करना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला डॉक्टरों, आशा कार्यकत्रियों एवं एएनएम को सम्मानित किया जाए। तहसीलों में महिला वरासत प्रकरणों का निस्तारण किया जाए।

**कड़ा एक्शन** एलडीए उपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण,दो सुपरवाइजर निलंबित, फ्लड पम्प स्टेशन बना रहे ठेकेदार पर पांच लाख का जुर्माना

# बसन्तकुंज योजना में सृजित होंगे नये व्यावसायिक व आवासीय भूखण्ड

» मैंगो पार्क के पास अवैध निर्माण पर कार्रवाई न होने पर सहायक अभियंता के निलंबन की संस्तुति

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण की बसन्तकुंज योजना में नये व्यावसायिक व आवासीय भूखण्ड सृजित किये जाएंगे। इसके लिए ग्रीन बेल्ट व आबादी के पास रिक्त पड़ी अनियोजित भूमि को नियोजित किया जाएगा। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बसन्तकुंज योजना का निरीक्षण करके इस बाबत निर्देश जारी किये हैं।

साथ ही योजना में प्रचलित विकास, सौंदर्यीकरण व सुविधाओं के कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिये हैं। बसन्तकुंज योजना के सेक्टर-आई में मैंगो पार्क के पास नजूल भूमि खसरा संख्या-591 पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा करके भवन का निर्माण कराया गया है। निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष ने इसके सम्बंध में जवाब तलब किया तो पता चला कि प्रवर्तन टीम के स्तर से प्रभावी कार्रवाई नहीं की गयी है। इस पर उपाध्यक्ष ने कार्य में लापरवाही के उत्तरदायी सहायक अभियंता के खिलाफ निलंबन की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। इसके अलावा अभियंत्रण जोन-7 में प्रचलित विकास कार्यों की समीक्षा में पाया गया कि क्षेत्रीय सुपरवाइजर जगरूप यादव व सूरज कुमार द्वारा कार्य में लगातार लारवाही बरती जा रही है। निरीक्षण के दौरान भी दोनों सुपरवाइजर अनुपस्थित थे। इस पर उपाध्यक्ष ने दोनों सुपरवाइजर को निलम्बित करने के आदेश दिये हैं। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने राष्ट्र प्रेरणा स्थल का भी निरीक्षण किया। यहां जल निकासी के लिए प्रेरणा स्थल के पास निर्मित किये जा रहे फ्लड पम्पिंग स्टेशन के कार्य की प्रगति संतोषजनक न मिलने पर उपाध्यक्ष ने कार्यदायी संस्था मेसर्स एकमे पम्पस एण्ड पॉवर प्रोजेक्ट प्रा0लि0 पर 05 लाख रूपये का जुर्माना लगाया है। उपाध्यक्ष ने बसन्तकुंज योजना के सेक्टर-जे, के, आई एवं ओ का निरीक्षण किया। इसमें पाया गया कि कुछ जगहों पर ग्रीन बेल्ट व आबादी के पास रिक्त पड़ी अर्जित भूमि अभी भी अनियोजित है। उपाध्यक्ष ने ऐसी सभी भूमि को नियोजित करके नये आवासीय व व्यावसायिक भूखण्ड सृजित करने के निर्देश दिये। साथ ही सेक्टर-ए में सर्वे का कार्य दो सप्ताह में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। उपाध्यक्ष ने हरदोई रोड स्थित जॉगर्स पार्क और योजना में विकसित किये जा रहे आयुर्वेदा पार्क व मैंगो पार्क का निरीक्षण किया। उन्होंने पार्कों में चल रहे विकास, सौंदर्यीकरण व हॉर्टीकल्चर के कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। साथ ही बरसात में खराब हुयी सड़कों की मरम्मत का काम शुरू कराने के लिए कहा। उपाध्यक्ष ने निर्देशित किया कि पूरी योजना में निर्मित व निर्माणाधीन भवनों का सर्वे कराया जाए और बिना स्वीकृत मानचित्र के हो रहे निर्माण कार्यों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जाए। इस मौके पर मुख्य अभियंता नवनीत शर्मा, प्रभारी अधिकारी-अर्जन विपिन कुमार शिवहरे, जोनल अधिकारी माधवेश कुमार, अधिशासी अभियंता मनोज सागर एवं नीरज कुमार, तहसीलदार हेमचन्द्र तिवारी समेत अन्य अधिकारी व अभियंता उपस्थित रहे।

### नक्शा पास कराने के लिए नहीं लेनी होगी एनओसी : प्रथमेश कुमार

**लखनऊ।** पुराने लखनऊ के 122 मोहल्लों में अब भवन मानचित्र पास कराने के लिए तहसील की एनओसी नहीं लेनी पड़ेगी। एलडीए खुद अपने अभिलेखागार से सम्बंधित मोहल्लों का विवरण उपलब्ध कराएगा। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने जन सामान्य की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नक्शा पास कराने की प्रक्रिया को अधिक सरल कर दिया है। उपाध्यक्ष ने शुक्रवार को इस सम्बंध में आदेश जारी करते हुए नयी व्यवस्था को लागू कर दिया है। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि शहर में भवन मानचित्र स्वीकृत कराने के लिए नजूल, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट, अर्जन, सीलिंग, लैंड यूज, तहसील व जलकल आदि विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना होता है। इसमें लखनऊ शहर के पुराने मोहल्लों में मानचित्र स्वीकृत करते समय नगर निगम से प्राप्त होने वाली एनओसी प्राधिकरण के लालबाग कार्यालय स्थित अभिलेखागार से ही प्राप्त की जाती है। इस सम्बंध में अभिलेखागार के कर्मचारियों से रिपोर्ट मांगी गयी तो उन्होंने पुराने शहर के 122 मोहल्लों का पूरा विवरण उपलब्ध कराया। ऐसे में जबकि पुराने शहर के उक्त मोहल्लों में नक्शे की एनओसी से सम्बंधित पूरा विवरण प्राधिकरण के पास पहले से मौजूद है, तो तहसील से एनओसी लिये जाने का कोई औचित्य नहीं बनता है। इससे जन सामान्य को अनावश्यक रूप से तहसील में भागदौड़ करनी पड़ती है और मानचित्र स्वीकृति के प्रक्रिया में विलम्ब होता है। इसे ध्यान में रखते हुए यह आदेश जारी किया गया है कि अब से पुराने शहर के वार्ड-हजरतगंज, गणेशगंज, वजीरगंज, यहियागंज, चौक, सआदतगंज, दौलतगंज के 122 मोहल्लों में भवन मानचित्र के लिए तहसील से एनओसी नहीं ली जाएगी। लोगों द्वारा नक्शे के लिए आवेदन करने पर प्राधिकरण खुद अपने अभिलेखागार से इसकी एनओसी प्राप्त करेगा। इन मोहल्लों के अतिरिक्त अन्य क्षेत्रों के लिए तहसील से एनओसी ली जाएगी। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि नयी व्यवस्था के तहत इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट व प्राधिकरण की योजनाओं के ले-आउट व सजरा प्लान अभिलेखागार द्वारा मानचित्र अनुभाग को उपलब्ध कराने के आदेश भी दे दिये गये हैं।

## एक नजर

### मितौली ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का क्रमिक अनशन



**फत्तेपुर खीरी।** मितौली ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के द्वारा क्रमिक अनशन के क्रम में कस्ता विधानसभा के पदाधिकारियो के द्वारा क्रमिक अनशन पर बैठे बैठने वालों में प्रमुख रूप से मितौली के ब्लॉक अध्यक्ष अमित राठौर रामकिशन ब्लॉक अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग रामकुमार पाल जिला सचिव डॉक्टर बालक राम गौतम जी ब्लाक महासचिव अशर्फीलाल मौर्य जी प्रभारी प्रत्याशी अशोक गौतम जी व उनके समर्थक मौजूद रहे।

### घास काटने गई महिला से खेत में छेड़खानी

**बाराबंकी।** रामनगर थाना क्षेत्र के रतनपुर गांव में एक महिला से खेत में छेड़खानी का मामला सामने आया है। पीड़िता ने बताया कि 21 सितंबर की दोपहर करीब 12 बजे वह प्रधान के खेत में घास काट रही थी। इसी दौरान बगल के गन्ने के खेत से दिनेश पुत्र राजित राम (अहाता, थाना जरवल रोड, जिला बहराइच) आया और घास मांगने लगा। जब महिला ने मना किया तो आरोपी ने उसका जबरन मुंह दबाया और छेड़खानी शुरू कर दी। महिला ने विरोध किया तो आरोपी ने धमकी दी कि किसी को कुछ न बताना, नहीं तो जान से मार देगा। शोर सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन आरोपी वहां से फरार हो गया। पीड़िता ने कोतवाली रामनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर दिनेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### हाजीपुर में दर्दनाक हादसा, युवक का पैर कटा

**निंदूरा (बाराबंकी)।** लखनऊ, महमूदाबाद राज्य मार्ग पर हाजीपुर गांव के पास शुक्रवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। बाइक में दुपट्टा फंसने से भाई–बहन सड़क पर गिर पड़े, तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक का दाहिना पैर कट गया, जबकि बहन को दोनों पैरों और सिर पर गंभीर चोटें आईं। जानकारी के अनुसार ओझियापुर निवासी मुस्तकीम अपनी बहन मैसर जँहा के साथ कुर्सी अल्ट्रासाउंड कराने जा रहे थे। रास्ते में अचानक बहन का दुपट्टा बाइक में फंस गया। इससे दोनों असंतुलित होकर सड़क पर गिर गए। इसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रक ने उन्हें कुचल दिया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा, जहां से डॉक्टरों ने मुस्तकीम को लखनऊ रेफर कर दिया। बहन का इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है, जबकि चालक फरार है। उसकी तलाश की जा रही है।

### संदिग्ध हालात में विवाहिता ने दी जान

सूरतगंज (बाराबंकी)। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के माधवपुरवा गांव में गुरुवार देर रात एक विवाहिता का शव घर के छप्पर से फांसी के फंदे पर लटकता मिला। घटना से पूरे गांव में सनसनी फैल गई। सूचना पर लालपुर करौता चौकी प्रभारी अश्वनी सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और छानबीन शुरू की। थाना प्रभारी आशुतोष मिश्रा ने बताया कि मृतका की पहचान शांति देवी (32) पत्नी रत्नेश के रूप में हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि फिलहाल मृतका के मायके पक्ष से कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सात शोहदों को एंटी रोमियो टीम ने किया गिरफ्तार

**बाराबंकी।** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत जनपद की एंटी रोमियो टीमों ने 07 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। जहांगीराबाद, सफदरगंज, सतरिख, रामनगर, असन्द्रा और मसौली थानों की टीमों ने अलग–अलग मामलों में अभियुक्तों के खिलाफ धारा 296 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की। गिरफ्तार अभियुक्तों में अंकित कुमार, अभिषेक कुमार, मोहम्मद हसनैन, जहीर अहमद, दीपक, रंजीत कुमार और सुशील कुमार शामिल हैं। पुलिस ने कहा कि अभियान लगातार जारी रहेगा और महिला एवं बाल सुरक्षा के सभी मामलों में सख्ती बरती जाएगी।

### छात्राओं ने संभाली अफसरों की कमान



**बाराबंकी।** महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए चल रहे सौ दिवसीय मिशन शक्ति अभियान के तहत शुक्रवार को दो छात्राओं ने बड़े प्रशासनिक पदों की जिम्मेदारी निभाई। कक्षा 12 की छात्रा नैना घोष ने एक दिन के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) का कार्यभार संभाला, जबकि राजकीय जिला पुस्तकालय की कमान अल्पना यादव को सौंपी गई। दोनों छात्राओं ने पूरे दिन कार्यालय का निरीक्षण किया, स्टाफ मीटिंग ली और आम लोगों से मिलकर समस्याएं सुनीं। नैना ने कहा कि यह अनुभव उनके लिए अविस्मरणीय है और अब वह अपने लक्ष्य को और ऊँचाई तक ले जाने के लिए मेहनत करेंगी। अल्पना ने भी इस अवसर को जीवन बदलने वाला बताया। इस अवसर पर दोनों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और अधिकारियों का आभार जताया। अधिकारियों ने कहा कि इस तरह के प्रयास से बेटियों में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास होगा।

मिशन शक्ति 5.0 : इंटर टॉपर यशी रस्तोगी बनीं एक दिन की डीएम, दहेज केस पर दिखाया सख़्त तेवर

# यशी का डीएम अवतार बालिकाओं के लिए प्रेरणा व नारी सशक्तिकरण की मिसाल

### डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने टॉपर छात्रा को सौंपी जिले की कमान, जनसुनवाई में दहेज उत्पीड़न पर दिए कड़े निर्देश



विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखीमपुर खीरी।** शारदीय नवरात्रि पर जिले ने देखी नारी शक्ति की चमक। मिशन शक्ति 5.0 के तहत इंटरमीडिएट टॉपर यशी रस्तोगी शुक्रवार को पूरे जिले की कमान संभालती नज़र आईं।डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह और अनिल कुमार रस्तोगी की मौजूदगी में यशी को पुष्पगुच्छ और प्रमाणपत्र भेंट कर एक दिन का डीएम बनाया। डीएम ने अपनी कुर्सी पर यशी को बिठाते हुए 1 दिन की डीएम का प्रमाण पत्र, स्कूल बैग और मिशन शक्ति स्पेशल किट देकर सम्मानित किया। डीएम के तौर पर यशी ने जनसुनवाई में फरियादियों की शिकायतें सुनीं और दहेज उत्पीड़न के एक मामले पर अफसरों को तुरंत न्याय दिलाने के निर्देश दिए। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा, इस कुर्सी पर बैठना मेरे लिए गर्व का क्षण है। यह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल के आशीर्वाद से संभव हुआ। मैं खुद को इस पद के लायक नहीं मानती, लेकिन यह अनुभव जिंदगीभर याद रहेगा।

यशी ने बेटियों से अपील की "पढ़ो-लिखो, आगे बढ़ो और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहो। बालिकाएं व महिलाएं अन्याय के खिलाफ बेखौफ आवाज़ उठाएं। बताते चलें कि बेहजम स्थित राजरानी माता शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज की छात्रा यशी ने इंटरमीडिएट में जनपद टॉप कर पहले ही जिले का नाम रोशन किया है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि शारदीय नवरात्रि के साथ ही मिशन शक्ति 5.0 का शुभारंभ हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महिला स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा, न्याय दिलाना और समाज की मुख्यधारा से जोड़ने जैसे मुद्दों पर जनपद भर में विविध गतिविधियां संचालित हो रही हैं। आने वाले दिनों में महिला स्वास्थ्य, शिक्षा और न्याय से जुड़े कई नवाचार कार्यक्रम और गति पकड़ेंगे, ताकि नारी शक्ति को और सशक्त बनाया जा सके। यशी की एक दिन की डीएम की ताजपोशी न सिर्फ बालिकाओं के लिए प्रेरणा बनी बल्कि नारी सशक्तिकरण की बुलंद मिसाल भी पेश कर गई। इस दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र, जिला प्रोबेशन अधिकारी लवकुश भार्गव, तहसीलदार मितौली दिनेश कुमार मौजूद रहे।

# स्वदेशी से ही आत्मनिर्भरता का सपना साकार: अमरपाल मौर्य



विश्ववार्ता संवाददाता

**बाराबंकी।** भाजपा जिला कार्यालय पर शुक्रवार को आयोजित आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी संकल्प अभियान की जिला स्तरीय कार्यशाला में राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य ने कहा कि भारत को फिर से विश्वगुरु बनाने का मार्ग स्वदेशी से होकर ही जाता है। उन्होंने विदेशी उत्पादों पर निर्भरता को देश की सामाजिक और आर्थिक कमजोरी बताया।

अमरपाल मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वदेशी पर जोर केवल नारा नहीं, बल्कि भारत को वैश्विक नेतृत्व की ओर ले जाने का मूलमंत्र है। उन्होंने स्पष्ट किया कि देश तभी आत्मनिर्भर होगा, जब हर नागरिक श्रमिकों, किसानों और युवाओं द्वारा निर्मित वस्तुओं को प्राथमिकता देगा। मुख्य अतिथि ने कहा कि भारत की प्राचीन अर्थव्यवस्था पूरी दुनिया के लिए आदर्श थी। आजादी के बाद हम पराई सोच के शिकार हुए, मगर अब मोदी सरकार की नीतियों से भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर है। उन्होंने जीएसटी को स्वदेशी को मजबूती देने वाला ऐतिहासिक कदम बताया। जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य ने स्वागत एवं आभार जताते हुए कहा कि यह अभियान 25 दिसंबर तक चलेगा, जिसके अंतर्गत मंडल स्तर पर 27 से 30 सितंबर तक कार्यशालाएं होंगी।

# चुनावी रंजिश भड़की, जफरपुर में मारपीट का मामला दर्ज

» अनिल यादव समेत तीन पर मुकदमा, तनावपूर्ण माहौल

विश्ववार्ता संवाददाता

**बाराबंकी।** ग्राम जफरपुर में चुनावी रंजिश का मामला अब पुलिस तक पहुँच गया है। जय सिंह ने थाना सतरिख में शिकायत दर्ज कराई है कि 21 सितंबर की शाम लगभग 6 बजे उनके छोटे भाई पंकज अपने 3 वर्षीय भतीजे इशान के साथ नाली पर पेशाब कर रहे थे। उसी समय विपक्षी नेता अनिल यादव ने उन्हें गालियां दी और विरोध करने पर पंकज को लात-घूसों व डंडों से मार-पीट किया।

पीड़ित ने बताया कि इसके बाद जब वे और पंकज अनिल यादव के घर शिकायत करने पहुंचे, तो अनिल यादव के साथ दीपक और प्रदीप ने मिलकर उन्हें भी बुरी तरह पीटा और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस से सुरक्षा की मांग की और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की अपील की। जय सिंह के अनुसार, 25 सितंबर की शाम को जब वह अपने खेत की तरफ मोटरसाइकिल से जा रहे थे, उसी समय अनिल और सुनील यादव ने उन्हें रोककर गालियां दी और हमला किया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोग इस घटना को लेकर चिंतित हैं और प्रशासन से तत्काल सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग कर रहे हैं।

# पोषण पंचायत में महिलाओं और बच्चों के पोषण पर जोर

» पात्रों तक हर हाल में पहुंचे सरकार की सभी योजनाओं का लाभ : अंजू प्रजापति



विश्ववार्ता संवाददाता

**बाराबंकी।** बंकी विकास खंड सभागार में शुक्रवार को पोषण पंचायत कार्यक्रम का आयोजन उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अंजू प्रजापति की अध्यक्षता में हुआ। उन्होंने महिलाओं, किशोरियों और बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य व पोषण पर विशेष जोर देते हुए कहा कि सरकार की सभी योजनाओं का लाभ पात्रों तक हर हाल में पहुंचे।

कार्यक्रम में मोटापा की समस्या, वोकल फॉर लोकल, शिशु एवं बाल आहार प्रथाएं, पुरुष सहभागिता जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। मोटे अनाज और घरेलू खाद्य पदार्थों के उपयोग को बढ़ावा देने पर भी जागरूकता फैलाई गई। मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के तहत महिला थानाध्यक्ष मुन्नी सिंह ने महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। अंजू प्रजापति ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को कन्या सुमंगला योजना समेत अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन पर जरूरी दिशा-निर्देश दिए और योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार पर जोर दिया। इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म भी अंजू प्रजापति द्वारा संपन्न कराई गई।

### जनेस्मा कॉलेज में छात्रों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**निंदूरा बाराबंकी।** जवाहर लाल नेहरू मेमोरियल पीजी कॉलेज (जनेस्मा) में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) एवं एनसीसी के छात्रों ने सेवा पखवाड़े के तहत स्वच्छता अभियान का आयोजन किया। प्राचार्य प्रो. (डॉ.) सीताराम सिंह के मार्गदर्शन में हुए इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रांगण की सफाई की गई। छात्रों ने निबंध प्रतियोगिता में स्वच्छता अभियान पर अपने विचार साझा किए। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. अनुराग कृष्ण यादव एवं डॉ. दीप्ति पोरवाल तथा एनसीसी प्रभारी नीलम प्रभा का योगदान सराहनीय रहा। छात्रों ने इस अवसर पर स्वयंसेवा और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश देते हुए महाविद्यालय में साफ-सफाई का कार्य किया।

# शिक्षकों का भविष्य बचाने को तुरंत कदम उठाए सरकार : तनुज पुनिया



» प्रदेश के दो लाख शिक्षकों व उनके परिवारों का भविष्य खतरे में : सांसद

विश्ववार्ता संवाददाता

**बाराबंकी।** टीईटी प्रकरण में उच्च न्यायालय के फैसले से लाखों शिक्षकों में गहरी नाराजगी है। इसी मुद्दे पर उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को सांसद तनुज पुनिया को ज्ञापन सौंपा।

सांसद ने कहा कि प्रदेश के लगभग दो लाख शिक्षकों व उनके परिवारों का भविष्य खतरे में है। नियुक्ति के समय की योग्यता और सेवाशर्तों को सुरक्षित रखा जाना चाहिए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस पूरे मामले को वे प्रधानमंत्री तक पहुंचाएंगे। तनुज पुनिया ने कहा कि सरकार को चाहिए कि वह पुनर्विचार याचिका दाखिल करे और आवश्यकता पड़ने पर नया कानून लाकर शिक्षकों का सामाजिक व पेशेवर जीवन सुरक्षित करे। इस दौरान जिलाध्यक्ष पवन कुमार वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुमताज अहमद, कोषाध्यक्ष प्रमोद अवस्थी, संयुक्त मंत्री रंजीत सिंह, जिला मंत्री देवेंद्र सिंह, इंद्रजीत सिंह समेत कई शिक्षक मौजूद रहे।

### समाजसेवी ने की डीएम से शिकायत

**बाराबंकी।** देवां रोड पर ग्राम चंदौली के पास रिलायंस इण्डस्ट्रीज लिमिटेड का बायोगैस संयंत्र ग्रामीणों के लिए मुसीबत बन गया है। फैक्ट्री तक आने वाले डम्पर और ट्राले खुले में गोबर व पैरा ढोते हैं, जो रास्ते में सड़क पर गिरता रहता है। लगातार हो रही दुर्घटनाओं से राहगीर और वाहन चालक परेशान हैं। फैक्ट्री गेट पर खड़े ट्राले यातायात में भी बाधा डाल रहे हैं।

**खाद बताकर बेच रहे तरल कचरा, गाड़ियां फिसल रहीं**

सूत्रों की माने तो बायोगैस बनने के बाद निकलने वाला तरल कचरा कम्पनी अपने दलालों के जरिए किसानों को खाद बताकर बेच रही है। डम्पर गांव की मुख्य सड़कों पर कचरा गिराकर चले जाते हैं। महीनों पड़ा यह गीला कचरा फिसलन पैदा करता है। ग्रामीणों के अनुसार कई लोग घायल हो चुके हैं।

**नई सड़क को भी पहुंचा नुकसान, पुलिस ने किया किनारा**

श्रीराम वन कुटीर आश्रम जाने वाली नई बनी सड़क पर 25 सितम्बर को डम्परों की आवाजाही से जगह-जगह सड़क टूट गई। 112 पर कॉल करने पर दो पुलिसकर्मी पहुंचे और डम्पर चालक को कचरा हटाने को कहा, लेकिन थाना प्रभारी ने इसे "रिलायंस का मामला" बताकर एसडीएम से संपर्क करने की सलाह दी।

# त्योहारों से पहले डीएम-एसपी का रूट मार्च

### संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त बढ़ाने के निर्देश



विश्ववार्ता संवाददाता

**बाराबंकी।** आगामी त्योहारों को देखते हुए शुक्रवार को जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने शहर के भीड़भाड़ वाले इलाकों का रूट मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। अधिकारियों ने पीरबटावन, नागेश्वरनाथ मंदिर क्षेत्र, सट्टी बाजार समेत कई संवेदनशील स्थानों का पैदल निरीक्षण किया और आम लोगों से संवाद किया।

डीएम-एसपी ने कहा कि शांति और सद्भाव के साथ त्योहारों का आयोजन प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिया कि सतर्कता बढ़ाई जाए, नियमित गश्त हो और किसी भी अफवाह या अप्रिय घटना पर तुरंत कार्रवाई की जाए। रूट मार्च में एसडीएम नवाबगंज आनंद तिवारी, सीओ नगर संगम कुमार सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल शामिल रहा।

» नवरात्र, दुर्गा पूजा व दशहरा पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी

» सतर्कता बढ़ाई जाए, नियमित गश्त हो, अफवाह पर तुरंत कार्रवाई : डीएम

# छात्राओं के साथ संवाद कर उनको दिए सुरक्षा के टिप्स



विश्ववार्ता संवाददाता

**बाराबंकी।** बंकी ब्लॉक के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय (केजीबीवी)में शुक्रवार को अभियोजन विभाग ने छात्राओं के साथ संवाद कर उनको सुरक्षा के टिप्स दिए और कानून की मदद लेने की जरूरत समझाई। मिशन-5 के तहत आयोजित कार्यक्रम में संयुक्त निदेशक अभियोजन नागेश कुमार दीक्षित ने छात्राओं को बताया कि नए भारतीय न्याय संहिता 2023 के माध्यम से सरकार ने उनको कानूनी ताकत प्रदान की है। अब सार्वजनिक स्थान पर अश्लील गाने बजाने का अपराध माना गया है और संबंधित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराए जाने पर मुकदमा दर्ज कराया जा सकता है।

एसिड फेंककर या अन्य साधनों का प्रयोग करके क्षति या फिर चोट पहुंचाकर स्थाई या आंशिक रूप से अंग विकार या विकलांग करने पर कठोर दंड की सजा का प्राविधान किया गया है। छात्राओं या फिर महिलाओं के साथ ताकझांक, घुरूने को भी अपराध माना गया है और ऐसे करने पर दंड का प्राविधान किया गया है। एपीओ सुश्री सोलंकी यादव ने छात्राओं को अपने छात्र जीवन का जिक्र करते हुए कहा कि छात्राओं को किसी प्रकार से उत्पीड़न या बैड टच के प्रति खुद सावधान रहना है। वह चुप रहने के बजाए त्वरित विरोध करें और पुलिस को जानकारी देकर मुकदमा दर्ज कराए। उनको कोर्ट में बार-बार दौड़ना नहीं पड़ेगा। उनको कानूनी मदद के लिए सरकार की ओर से वकील का सहयोग निःशुल्क दिया जाता है।अभियोजन विभाग की ओर से वार्डेन पूनम मिश्रा के माध्यम से छात्राओं को कानूनी सुरक्षा से जुड़े प्रपत्र निःशुल्क उपलब्ध कराए।

### संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत, दहेज हत्या का मुकदमा

**बेलहरा (बाराबंकी)।** मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के घघसी गांव में गुरुवार को 25 वर्षीय विवाहिता प्रीति वर्मा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से हड़कंप मच गया। मायके पक्ष ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने पति सोनू वर्मा सहित चार लोगों पर दहेज हत्या का केस दर्ज कर शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। जानकारी अनुसार प्रीति की शादी अप्रैल 2019 में सीतापुर जिले के गंगेला गांव निवासी सोनू से हुई थी।

# खुलासा : वीरमपुर गांव में नकाब लगाकर चोरी करने वाले अभियुक्त चढ़े पुलिस के हत्थे, माल बरामद

विश्ववार्ता संवाददाता

**चपरतला खीरी।** एक सप्ताह पूर्व मैगलगंज कोतवाली क्षेत्र के वीरमपुर गांव में हुई चोरी की घटना का खुलासा किया गया। चोरी की घटना को अंजाम देने वाले दोनों अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार लगभग 1 सप्ताह पूर्व मैगलगंज थाना क्षेत्र के बीरमपुर गांव निवासी छोटे पुत्र हजारी के मकान में चोरों ने रात्रि के समय में पीछे से दीवार में नकाब लगाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया था।

पीड़ित ने थाना प्रभारी मैगलगंज को घटना से संबंधित लिखित प्रार्थना पत्र सौपा था जिस पर कार्यवाही करते हुए शुक्रवार को मैगलगंज पुलिस के द्वारा खुलासा करते हुए अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों ही अभियुक्त थाना तंबौर जनपद सीतापुर के निवासी हैं और दोनों का ही आपराधिक इतिहास काफी लंबा है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की पहचान साहबे आलम उर्फ अजय पुत्र गुड्डू, निवासी नंदन टोला, थाना तंबौर, जनपद सीतापुर और तौक़ीर पुत्र जहीर, निवासी काजीटोला, थाना तंबौर, जनपद सीतापुर के रूप में हुई है। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी का माल बरामद किया गया, जिसमें एक जोड़ी पायल (सफेद धातु), एक जोड़ी हथफूल (सफेद धातु), एक मांगटीका (पीली धातु), एक नथुनी (पीली धातु) और 3,800 रुपये नकद शामिल हैं। बरामदगी के आधार पर मामले में धारा 317 (2) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई है।




### वांछित छह अन्य अपराधियों को भी किया गिरफ्तार

विभिन्न आपराधिक मामलों में वांछित चल रहे छह अन्य अपराधियों को मैगलगंज पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक रविंद्र पांडे की अगुवाई में गिरफ्तार कर लिया। साहबे आलम उर्फ अजय का विस्तृत आपराधिक इतिहास है, जिसके खिलाफ खीरी, बहराइच और सीतापुर जनपदों में चोरी (धारा 380/457) और हथियार अधिनियम (4/25 आर्म्स एक्ट) सहित कुल 13 मुकदमे दर्ज हैं। तौक़ीर पुत्र जहीर के खिलाफ भी सीतापुर के थाना तंबौर और रेउसा में जुआ अधिनियम, चोरी और बीएनएस की गंभीर धाराओं सहित 8 मुकदमे दर्ज हैं।

> मेरे कार्य क्षेत्र में अपराध करने वालों की कोई भी जगह नहीं है जो भी अपराध करेगा हम उसे किसी भी कीमत पर नहीं बख्शेंगे।
> **रविंद्र कुमार पांडे**, थाना प्रभारी मैगलगंज

## एक नजर

### 10 अक्टूबर को रहेगा देवा मेला का स्थानीय अवकाश

**बाराबंकी।** देवा मेला–2025 को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने बताया कि सूफी संत हाजी वारिस अली शाह के पिता हाजी कुर्बान अली शाह की मजार पर चादर अर्पण कार्यक्रम अब पहले घोषित 11 अक्टूबर के स्थान पर 10 अक्टूबर, शुक्रवार को आयोजित होगा। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर जनपद में स्थानीय अवकाश घोषित किया जाता है। देवा मेला एवं प्रदर्शनी समिति के तत्वावधान में यह मेला 8 अक्टूबर 2025 से शुरू होगा। डीएम ने स्पष्ट किया कि पूर्व में घोषित 11 अक्टूबर का स्थानीय अवकाश अब संशोधित कर 10 अक्टूबर कर दिया गया है।

### नहर में कूदे युवक का 24 घंटे बाद भी नहीं मिला सुराग

**सूरतगंज (बाराबंकी)।** मोहम्मदपुर खाला निवासी 36 वर्षीय ज्ञानेंद्र मिश्रा गुरुवार सुबह से लापता हैं। परिजन और पुलिस लगातार तलाश में जुटे हैं लेकिन शुक्रवार दोपहर तक युवक का कोई पता नहीं चल सका। गुरुवार को युवक के चप्पल, झोला और फल शारदा सहायक नहर पुल पर पड़े मिले। सूचना पर मोहम्मदपुर खाला और फतेहपुर पुलिस के साथ जल पुलिस के गोताखोर भी पहुंचे और खोजबीन शुरू कर दी। परिजनों के मुताबिक ज्ञानेंद्र पिछले एक साल से लिवर की बीमारी से जूझ रहे थे और इलाज में भारी खर्च हो रहा था। ग्रामीणों का कहना है कि आर्थिक तंगी और बीमारी के कारण वह डिप्रेशन में थे, संभवतः इसी वजह से उन्होंने यह कदम उठाया।

स्वास्थ्य मेला | माताओं बहनों की स्वास्थ्य देखभाल का जरिया बना है स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान

# सीएचसी फरधान में आयोजित स्वास्थ्य मेले में 4778 लोगों को मिला लाभ



ब्यूरो अनूप कुमार वर्मा

**लखीमपुर खीरी।** स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरधान में विशाल स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक मंजू त्यागी द्वारा किया गया। स्वास्थ्य मेले में 1478 लोगों स्वास्थ्य योजनाओं हेतु पंजीकरण करवाया। विधायक मंजू त्यागी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरधान में हाई मार्स लाइट प्रदान की गयी।

इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के जन्मदिवस के अवसर पर चलाए जा रहे स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का मुख्य उद्देश्य हमारी माताओं बहनों को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर, उनके स्वास्थ्य की देखभाल करना है। यही कारण है कि ग्रामीण स्तर तक एनीमिया, ब्लड प्रेशर, शुगर, ओरल कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर आदि जांच कराई जा रहे हैं और विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा उनका उपचार उपलब्ध भी कराया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संतोष गुप्ता द्वारा बताया गया कि स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान संपूर्ण जनपद में सभी सीएचसी व पीएचसी सहित आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर संचालित किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण स्तर तक स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाया जा रहा है। स्वास्थ्य मेलों में विशेषज्ञ चिकित्सक पहुंचकर अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

आयोजित कैम्प में लगभग 1478 लोग आये, जिनमे बाल रोग विषेसज्ञ द्वारा 132 बच्चों का, दन्त रोग विषेसज्ञ द्वारा 98 मरीजों का, नेत्र रोग विषेसज्ञ द्वारा 94 मरीजों का, मानसिक रोग विषेसज द्वारा 108 मरीजों का, नाक कान गला रोग विषेसज्ञ द्वारा 116 मरीजों का, त्वचा रोग विषेसज्ञ द्वारा 218 मरीजों का, स्त्री रोग विषेसज्ञ द्वारा 96 मरीजों का, गैर संचारी रोग से सम्बंधित 216 मरीजों का एवं अन्य बीमारियों के 231 मरीजों का परामर्श और दवा दी गई। आयोजित कैम्प में 119 आभा आईडी एवं 54 आयुष्मान कार्ड बनाए गए। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। सीएचसी अधीक्षक डॉ अमित बाजपेई द्वारा विधायक जी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं आमंत्रित विशेषज्ञ चिकित्सकों तथा सभी आगंतुकों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# निंदूरा में धान की फसल संकट में, किसानों की बढ़ी चिंता



विश्ववार्ता संवाददाता

**निंदूरा, बाराबंकी।** खेतों में धान की फसल पकने के कगार पर है, लेकिन पिछले 15 दिनों से बारिश न होने और नहरों में पानी न आने के कारण किसानों की चिंता बढ़ती जा रही है। विकासखंड के कुर्सी, बहरौली, जहांगीराबाद, मातनपुरवा, मदारपुर, टिकैतगंज, मौहसंड, बिसाई, पिडसावा, ओदारिया, घुंघटेर और बाबागंज समेत अन्य गांवों में धान की खेती करने वाले किसानों की फसल अब सूखने की कगार पर पहुंच गई है।

किसान निजी संसाधनों से महंगा पानी लगाकर फसल बचाने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि जिनके पास साधन नहीं हैं, वे बेबस नजर आ रहे हैं। कुर्सी कस्बा के किसानों अखिलेश यादव, शिवप्रसाद सिंह, मुबीन अहमद, अनिल कुमार, रफीक, सफीक, नियाज़ और कलीम ने बताया कि वे नहरों पर ही सिंचाई के लिए निर्भर हैं, लेकिन इस बार नहर ने धोखा दिया। नहर विभाग के अवर अभियंता राजीव सिंह ने कहा कि दो-तीन दिन में नहर में पानी छोड़ दिया जाएगा।

# पंचों का फैसला सिर माथे, पनारा वहीं गिरेगा

## भाजपा नेता व एडी बेसिक के समझाने पर भी नहीं माने बच्चे व अभिभावक, सड़क पर उतरे पूरे गांव ने मुख्यमंत्री से मांगा इंसाफ, जमकर की नारेबाजी

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सीतापुर।** सूबे का बहुचर्चित बीएसए-प्रधानाध्यापक विवाद शांत पड़ने की जगह तल्ख होता जा रहा है। शुक्रवार को पूरा गांव बच्चों सहित सड़क पर उतर आया और जमकर नारेबाजी की। भाजपा नेता शिव कुमार गुप्ता व एडी बेसिक ने अभिभावकों को समझाया कि बच्चों को स्कूल भेजें लेकिन बच्चे जाने को राजी नहीं हुए। बच्चों व अभिभावकों ने मुख्यमंत्री जी न्याय करो, न्याय करो के नारे लगाए। बच्चे जेल भेजे गए प्रधानाध्यापक बृजेंद्र वर्मा के बगैर शिक्षा ग्रहण करने को तैयार नहीं हुए।

शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन भी नदवा प्राथमिक विद्यालय के बच्चे पढ़ने के लिए राजी नहीं हुए। बच्चों और अभिभावकों ने प्रधानाध्यापक के समर्थन में प्रदर्शन भी किया। महमूदाबाद ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय नदवा के प्रधानाध्यापक बृजेन्द्र कुमार वर्मा ने मंगलवार को बीएसए कार्यालय में बीएसए अखिलेश प्रताप को बेल्ट से पीट दिया था। प्रकरण के चौथे दिन भी विद्यालय के बाहर जमकर हंगामा हुआ। विद्यालय में सुबह ही शिक्षामित्र अनुराग श्रीवास्तव पहुंच गए। उन्होने समय से विद्यालय खोल दिया। बच्चे ड्रेस पहनकर विद्यालय के बाहर पहुंचे लेकिन वह अंदर जाकर पढ़ने को राजी नहीं हुए। शिक्षामित्र ने बच्चों को बुलाया साथ ही अभिभावकों से बात की लेकिन बात नहीं बन सकी। कई घंटे तक शिक्षामित्र विद्यालय में अकेले बैठे रहे और ग्रामीण विद्यालय के बाहर ख़ड़े रहे। विद्यालय को पुनः शुरू करने के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिवकुमार गुप्त मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों में बिस्किट वितरित किये और स्कूल पुनः शुरू करने के लिए वार्ता की लेकिन कई घंटे तक चली वार्ता विफल रही। ग्रामीण बच्चों को स्कूल भेजने के लिए तैयार नहीं हुए। शिवकुमार गुप्त ने बताया कि ग्रामीणों से वार्ता का सकारात्मक हल मिला है। ग्रामीण तैयार हुए हैं। जल्द ही स्कूल शुरू हो जाएगा। बच्चों की पढ़ाई का नुकसान नहीं होना चाहिए।

सीतापुर बेल्ट कांड की जांच के लिए शासन से नामित सहायक निदेशक बेसिक शिक्षा श्याम किशोर तिवारी शुक्रवार को नदवा स्थित विद्यालय पहुंचे और स्कूल की व्यवस्थाओं को समझा, जिसके बाद उन्होने ग्रामीणों से वार्ता की। एडी ने बेहोश हुए छात्रों से भी बात की। ग्रामीण पहले तो एडी बेसिक से बात करने को तैयार नहीं हुए, बाद में एडी बेसिक के मनाने के बाद ग्रामीणों ने एडी बेसिक को बताया कि बच्चों की शिक्षा का नुकसान नहीं होना चाहिए। एडी ने स्कूल में बीईओ सीमा चौहान से पूरे मामले की जानकारी ली और सहायक अध्यापिका अवंतिका गुप्ता को भी फोन कर अपना जवाब भेजने के निर्देश दिए। सहायक निदेशक ने बताया कि शासन से मिले आदेश के क्रम में गांव आए थे। ग्रामीणों से बात की है। प्रथम दृष्टया कुछ नहीं कहा जा सकता है। स्कूल को पुनः शुरू करने के प्रयास किये जा रहे हैं।



### गर्मी में बेहोश हुए बच्चे, हडकंप



विद्यालय के बाहर खड़े तीन बच्चे धूप में गश खाकर बेहोश हो गये। प्रीती पुत्री दिनेश, नरेन्द्र कुमार पुत्र राममनोरथ व सुनैना पुत्री शैलेश कुमार अचानक विद्यालय के बाहर बेहोश हो गये। ग्रामीणों ने आनन-फानन में उन्हें उठाकर पेड़ की छांव में लिटाया। गोडैय़ा चौकी इंचार्ज शिवम सिंह के वाहन से उन्हें निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया जहां उनका इलाज चल रहा है।

### बीएसए ने हमें गाली दी थीः बृजेंद्र

बीएसए की पिटाई के मामले में जेल में निरुद्ध प्रधानाध्यापक बृजेंद्र कुमार वर्मा से प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मंडल व परिजनों ने मुलाकात की। इन लोगों से प्रधानाध्यापक ने बताया कि हमने तीन दिन से खाना तक नहीं खाया था, सो भी नहीं पा रहे थे। बीएसए से मिले तो उन्होंने अभद्रता करते हुए हमें गाली दी थी, जिसके बाद हमने आपा खो दिया। उन्होंने एक शिक्षक का नाम लेते हुए कहा कि कई लोगों ने हमें बुरी तरह से मारा है। परिजनों के पूछने पर उन्होंने कहा कि पुलिस ने हमारे हाथ तक नहीं लगाया। शिक्षकों से कहा हम बहुत परेशान हैं हमें कुछ सूझ नहीं रहा है आपको जो भी करना है करिए। प्रतिनिधि मंडल में मंत्री परसेंडी श्रीपाल, मंत्री सकरन रविंद्र मिश्र के अलावा बृजेंद्र की पत्नी, भतीजा व निलम्बित सहायक अध्यापक संतोष वर्मा भी शामिल थे।

## एक नजर

### 56 हजार रुपये समेत शातिर गिरफ्तार

**सीतापुर।** कमलापुर पुलिस टीम ने चोरी के दर्ज मुकदमे का अनावरण करते हुए 56 हजार 257 रुपये बरामद करते हुए घटना में संलिप्त मोहित उर्फ नन्हू पुत्र बगुदा उर्फ बेगड़ा निवासी ग्राम सुरैंचा थाना कमलापुर को सुरैंचा बाजार तिराहा पानी की टंकी के पास हाइवे से गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि 21/22 सितम्बर की रात उसने सुरैंचा तिराहे पर मिठाई की दुकान के अन्दर घुसकर लकड़ी की रैक से काले बैग में रखे रुपये व सिक्के समेत 72 हजार रुपये की चोरी की थी। पुलिस ने दर्ज मुकदमे में बारामदगी की धाराओं बढ़ाते हुए अभियुक्त को न्यायालय में पेश किया है।

### दुर्गा पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से की मां दुर्गा की पूजा



**सिधौली/सीतापुर।** कस्बे व आसपास के क्षेत्रों में सजाए गए दुर्गा पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से मां दुर्गा की पूजा की। रामलीला मैदान में सजाए गए दुर्गा पूजा पंडाल में पं. अतुल मिश्र ने यजमान सौरभ बाजपेई को विधि विधान से पूजा करवाई।माँ दुर्गा के कुष्मांडा स्वरूप की आराधना कर श्रद्धालुओं ने संगीतमय आरती अम्बे तू है जगदम्बे काली जय दुर्गे खप्पर वाली तेरे ही गुन गावें भारती गाकर उनका गुणगान किया। संस्थापक वासू श्रीवास्तव ने ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति पंडाल में नित्य नए सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जाते हैं जिसमें बाल कलाकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हैं। समिति अध्यक्ष व सभासद अनुराग शुक्ल ने बताया कि यह दुर्गा पूजा पंडाल का 8वां वर्ष है। तहसील मार्ग पर दुर्गा पूजा पंडाल में पं0 कमल मिश्र ने यजमान आशुतोष शुक्ल को माँ दुर्गा का विशेष पूजन अर्चन करवाया। इसके अतिरिक्त बिसवां चौराहे, महमूदाबाद चौराहे पर सजाए गए पंडालों में भी मां दुर्गा का गुणगान किया गया। इस दौरान गिरजा मिश्र,विपिन मिश्र,जाग्रत मिश्र,हिमांशु जैन,ऋषि श्रीवास्तव व कृष्णेन्द्र त्रिवेदी सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### रामलीला में नारद मोह व रावण जन्म का मंचन

**सिधौली/सीतापुर।** कस्बे में विवेकनगर स्थित रामलीला मैदान पर चल रहे



रामलीला मंचन में बृहस्पतिवार को नारद मोह व रावण जन्म की रामकथा का मंचन किया गया। गोविंद विहार वृंदावन से पधारे श्री राधा गोपाल लीला दर्शन मंडल कम्पनी के कलाकारों ने रामलीला मंचन में सुंदर अभिनय किया।कम्पनी के कलाकारों में राम का अभिनय अनुभव को, लक्ष्मण का अभिनय अमन को,रावण का अभिनय अनुराग,विभीषण-केशव,परशुराम-रामसुख,वशिष्ठ-रामू व मेघनाथ की भूमिका सरस नामक कलाकार द्वारा की जाएगी।शुक्रवार को मनु सतरूपा की तपस्या का मंचन किया गया। तत्पश्चात रामजन्म व नामकरण की कथा का मंचन कलाकारों ने बखूबी अभिनीत किया जिस पर दर्शकों ने जय श्री राम के नारे लगाए।इस दौरान ज्ञानू सिंह,संजय कनौडिया,मनीष श्रीवास्तव,जाग्रत मिश्र,बबलू मुनीम व विनोद पांडेय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### जीएसएम एजुकेशनल एकेडमी में बच्चों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक



**सिधौली/सीतापुर।** कस्बे में मिश्रिख मार्ग पर ब्लाक के सामने स्थित जीएसएम एजुकेशनल एकेडमी में बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया और स्वच्छता के लिए शपथ दिलाई गई। प्रधानाचार्य डॉ वर्षा मिश्रा ने कहा कि स्वच्छता अपनाने से हम एक ओर जहां बीमारियों से दूर रहते हैं वहीं दूसरी ओर वातावरण भी स्वच्छ रहता है। समाज को स्वच्छ व प्रदूषणमुक्त बनाए रखने के लिए हमारा स्वच्छता के प्रति जागरूक रहना बेहद जरूरी है। प्रबंधक अनूप मिश्र ने स्वच्छता प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया।अनूप मिश्र ने कहा कि भविष्य में एक बड़ी स्वच्छता प्रतियोगिता का आयोजन कर बच्चों को बड़े पुरुस्कारों का ईनाम दिया जाएगा। इस दौरान जाग्रत मिश्र,पूनम,सुनैना,गरिमा व राखी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में कस्बे में गशत कर नागिरकों को दिलाया भरोसा

**सिधौली/सीतापुर।** क्षेत्राधिकारी कपूर कुमार के नेतृत्व में कोतवाली प्रभारी बलवंत शाही व पुलिस बल ने बृहस्पतिवार देर रात कस्बे में गशत कर नागरिकों को



सुरक्षा का भरोसा दिलाया। सीओ कपूर कुमार ने पुलिस बल की आवश्यक स्थानों पर तैनाती सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। देर रात सड़क पर टहल रहे आवारागर्द युवकों को पुलिस ने सबक सिखाया और भविष्य में आवारागर्दी न करने की सलाह दी। कोतवाली प्रभारी बलवंत शाही ने देर रात खुली दुकानों के मालिकों से अराजक तत्वों दिखाई पड़ने पर पुलिस को तत्काल सूचित किए जाने के निर्देश दिए। बलवंत शाही ने बताया कि रात्रि भ्रमण कर जनता को सुरक्षा का एहसास दिलाने का क्रम लगातार जारी रखा जाएगा। अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस को सभी नागरिक सहयोग करें।

## बीएसए विवाद में आशीष मिश्रा की एंट्री शिक्षक के समर्थन में डीएम को दिया ज्ञापन

**सीतापुर।** बेसिक शिक्षा अधिकारी व प्रधानाध्यापक विवाद में शिक्षक के विरुद्ध हुई हुई कारवाई को एकतरफा बताते हुए इस मामले में शिक्षक ब्रजेन्द्र कुमार वर्मा पर जनलेवा हमला कर घायल करने वाले लोंगो व हमले को उकसाने वाले बेसिक शिक्षा अधिकारी पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराने हेतु जागरूक नागरिक मंच ने पूर्व पालिकाध्यक्ष आशीष मिश्रा के नेतृत्व में जिलाधिकारी को ज्ञापन व लिखित तहरीर देकर मांग की है। पूर्व पालिकाध्यक्ष आशीष मिश्र ने खुद वादी बन पिछली 23 सितंबर को बीएसए कार्यालय में हुए मामले में शिक्षक ब्रजेन्द्र कुमार वर्मा पर जानलेवा हमला करने वालो को सीसीटीवी फुटेज से पहचानकर मुकदमा दर्ज कर उन तत्वों को गिरफ्तार करने की मांग की है। उन्होंने बीएसए को भी आरोपी बनाया है। जिलाधिकारी ने ज्ञापन लेते हुए लिखित तहरीर पर कानूनी करवाई कराने का आश्वाशन दिया है। प्रतिनिधिमंडल में आशीष मिश्रा, सुधीर शर्मा, आलोक यादव, नितिन वर्मा, शोभित दीक्षित, सत्येंद्र कुमार मिश्रा, अरुन मिश्र आदि लोग शामिल रहे।

## सभी के बयान हो जाएं तभी कुछ कह पाएंगे

### अपनी बात कहने के कई मंच व माध्यम थे प्रधानाध्यापक के पास

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सीतापुर।** बीएसए व प्रधानाध्यापक मामले की जांच करने सीतापुर पहुंचे सहायक निदेशक बेसिक शिक्षा श्याम किशोर तिवारी व जिलाधिकारी द्वारा नामित एमडीएम सदर ने नदवा पहुंचकर लोगों के बयान दर्ज कर वार्ता की, जिसके बाद जांच टीम बीएसए कार्यालय पहुंची। एडी बेसिक ने बताया कि निदेशक द्वारा वायरल वीडियो की जांच के सिलसिले में आए हैं। बच्चों, अभिभावकों, एआरपी व बीईओ से वार्ता की है।

निलम्बित शिक्षिका अवंतिका गुप्ता के बयान लिए, निलम्बित शिक्षक संतोष वर्मा का मोबाइल फोन स्विच ऑफ होने के कारण बात नहीं हो सकी है। बीएसए से भी बात करने के बाद अब कमर्चारियों के बयान लेने हैं। सभी से बयान लेने के बाद अपनी रिपोर्ट निदेशक को भेजेंगे। वायरल ऑडियो के मामले में कहा कि इसी फॉरेंसिक लैब से पुष्टि हो तभी उसे सही माना जाएगा। पत्रकारों के सवाल के जवाब में एडी बेसिक ने कहा प्रधानाध्यापक अगर परेशान थे और बीएसए से संतुष्ट नहीं थे तो एक सरकारी कर्मचारी होने के नाते उन्हें अपनी बात कहने के कई मंच थे।

उच्चाधिकारियों से शिकायत करने के अलावा वह आईजीआरएस के माध्यम से शिकायत दर्ज करा सकते थे। उन्होंने कहा कि नदवा के बच्चे स्कूल में शिक्षा ग्रहण करने की हमारी प्राथमिकता है। कई अहम सवालों का जवाब देने के बजाय एडी बेसिक ने उन्हें या तो टाल दिया अथवा उस पर चुप्पी साध गए।



## संवाद विकसित उत्तर प्रदेश के तहत दिल्ली पब्लिक स्कूल में हुआ कार्यक्रम

**सीतापुर।** राज्य स्तरीय कार्यक्रम संवाद विकसित उत्तर प्रदेश @2047 के अंतर्गत दिल्ली पब्लिक स्कूल में एक महत्वपूर्ण आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र सिंह अपने सहकर्मियों के साथ उपस्थित रहे। कार्यक्रम में श्री सिंह ने छात्रों को विकसित उत्तर प्रदेश विषय से सम्बंधित मार्गदर्शन दिया तथा उनके विचार आमंत्रित किए। इस अवसर पर छात्रों को एक विशेष 'क्यू आर' कोड भी प्रदान किया गया, जिसे स्कैन करके वे सीधे अपने सुझाव मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक पहुँचा सकते हैं, साथ ही यह भी घोषणा की गई कि चयनित सुझावों को मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित एवं पुरस्कृत किया जाएगा। छात्रों ने अत्यंत उत्साह और ऊर्जा के साथ भाग लिया तथा अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को प्रदेश के विकास के लिए प्रेरित करना और अपने विचार अभिव्यक्त करने का अवसर देना था। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य राकेश आर. के. सिंह तथा हेड मिस्ट्रेस सुश्री फराह इमाम सहित विद्यालय के अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## भ्रामक सूचना व अफवाहों पर तत्काल करें कार्यवही

### जुम्मे की नमाज व नवरात्रि को देखते हुए डीएम व एसपी ने किया भ्रमण

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सीतापुर।** डीएम अभिषेक आनंद एवं एसपी अंकुर अग्रवाल ने शुक्रवार को जुम्मे की नमाज व नवरात्रि के त्यौहार के दृष्टिगत क्षेत्र में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कोतवाली नगर एवं खैराबाद के मुख्य बाजारों, चौराहों, धार्मिक स्थलों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारियों व जवानों को भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की सतत निगरानी, ड्रोन कैमरा से निगरानी तथा संवेदनशील स्थलों पर सतर्क दृष्टि बनाए रखने हेतु दिशा-निर्देश दिए।



अधिकारियों ने त्यौहार के दौरान सोशल मीडिया पर किसी प्रकार की अफवाह अथवा भ्रामक सूचना पर तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने आमजन से किसी भी प्रकार के गैर परम्परागत जूलूस को न निकालने की अपील की गयी।

इस दौरान नगर मजिस्ट्रेट कृष्णानंद तिवारी, क्षेत्राधिकारी नगर विनायक भोसले एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## बंटवारे की रंजिश को लेकर चले लाठी डंडे का वीडियो वायरल

**तंबौर, सीतापुर।** पारिवारिक बंटवारे की रंजिश को लेकर लाठी डंडों से हुई मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद थाने में अभियोग पंजिकृत कर लिया गया है। थाना क्षेत्र के ग्राम रिहार निवासी प्रताप भानु सिंह ने थाने पर तहरीर दी है कि उनकी साइकिल चोरी हो गई थी। उसकी जानकारी के लिए आज बैंक मे लगे कैमरा चेक करने गया था। इसी बीच उनके भाई चन्द्रकुमार पुत्र राजबख्श आ गया और रंजिश को लेकर लाठी से मारने लगा। प्रताप भानु सिंह ने बताया सूचना देने पर डायल 112 भी मौके पर आ गई थी लेकिन वह लोग भाग गए थे। मेरे द्वारा थाने में तहरीर दे दी गई है। इस मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो गया था। सूत्रों के मुताबिक बंटवारे को लेकर आपसी विवाद चल रहा है। प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश राय ने बताया वायरल वीडियो की हमे कोई जानकारी नही है। पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## पुलिस मुठभेड़ में अभियुक्त के पैर में लगी गोली, असलहा व कारतूस बरामद

### पॉक्सो एक्ट सहित कई धाराओं में था वांछित

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सीतापुर।** कोतवाली नगर पुलिस टीम ने महिला संबंधी अपराध में कोतवाली नगर पर दर्ज मुकदमा धारा 333/64 (1)/352/351(ए) बीएनएस व 4(2) पॉक्सो एक्ट में वांछित शातिर अपराधी राशिद पुत्र मोहम्मद शफीक ग्राम फत्तेहपुर नबीनगर थाना लहरपुर को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया है।



मौके से एक 315 बोर तमंचा, कारतूस व दो खोखा बरामद हुआ है। एसआई स्वाति चतुर्वेदी व अस्मित भारती के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गुरुवार देर रात वैदेही वाटिका के पास मुखबिर से मिली सूचना पर एक व्यक्ति को रोकने का प्रयास किया गया तो उसने पुलिस पार्टी पर फायर करते हुए भागने का प्रयास किया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी चलाई गई गोली अभियुक्त के बायें पैर में जा लगी। अभियुक्त राशिद पुत्र मोहम्मद शफीक पॉक्सो एक्ट समेत कई धाराओं में वांछित चल रहा था। पुलिस ने घायल अभियुक्त को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

## 'दवा घर' का मोबाइल ऐप बना जेएस सिंह की बेहतरीन मिसाल

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**तालगांव सीतापुर।** जे० एस० सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी, सीतापुर ने फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर 'दवा घर' की मोबाइल एप्लीकेशन का शुभारंभ किया। मोबाइल एप्लीकेशन कार्यक्रम का प्रारंभ अमन सिंह द्वारा संचालित किया गया। इस ऐप को संस्थान के चेयरमैन अरुण कुमार सिंह और डॉ भूमिका योगी द्वारा लॉन्च किया गया।

'दवा घर' ऐप को संस्थान के अध्यापकों द्वारा नवाचार खोज के माध्यम से विकसित किया गया है। इस ऐप में आप अपने घर में रखी हुई दवाओं को जोड़ सकते हैं, प्रिस्क्रिप्शन रिपोर्ट, एडीआर, रक्त समूह, दवा की समाप्ति तिथि, रक्त शर्करा स्तर, नाड़ी दर और एलर्जी की जानकारी सुरक्षित रख सकते हैं।

इस ऐप का प्रमुख उपयोग घरों में रखी दवा का प्रबंधन, पुराने डॉक्टर के पर्चे, डायग्नोस्टिक रिपोर्ट, दवा आदि को



समाप्ति तिथि से पहले सुरक्षित उपयोग करना है। इस ऐप को बनाने में जे एस सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के अध्यापकों की टीम का प्रमुख योगदान रहा है, विशेष रूप से अंकित द्विवेदी एवं डॉ सुजीत कुमार गुप्ता का मुख्य योगदान रहा है। यह ऐप देश एवम समाज के सभी वर्गों के लिए फ्री है।

यह ऐप समाज के लिए बहुत उपयोगी होगा और जेएस सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी की एक महत्वपूर्ण देन है।

## ड्रोन से तेंदुआ को ट्रैकिंग की कोशिश नाकाम

**सीतापुर।** महमूदाबाद के नहर कलोनी स्थित एक निजी लॉन के निकट बुधवार की देर रात तेंदुआ देखा गया था। शुक्रवार की दोपहर वन रेंजर बिक्रमजीत सिंह टीम के साथ शहजानी वार्ड पहुंचे और यहां ड्रोन कैमरे की मदद से खेतों के साथ नहर कालोनी में उगे जंगल, झाड़ियों में तेंदुए की खोज की। तेदुए को झाड़ियों से निकालने के लिए गोले भी दगाए गए किंतु कहीं कोई हलचल नहीं हुई। रेंजर बिक्रमजीत सिंह ने बताया कि दो दिनों से लगातार कांबिंग कराई जा रही है, किंतु किसी जंगली जानवर की कोई मौजूदगी नहीं मिल पा रही है। उधर पूरी रात वार्डवासी दहशत में रहे। शहजानी वार्ड के लोग रात में जागकर समय काट रहे हैं।

## मिशन शक्ति 5 : छात्राओं को साइबर अपराध से सुरक्षा आत्मरक्षा व सरकारी योजनाओं के प्रति किया जागरूक

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**तंबौर सीतापुर।** नगर स्थित कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में मिशन शक्ति 5 के अंतर्गत साइबर अपराध से सुरक्षा, आत्मरक्षा एवं सरकारी योजनाएँ और हेल्पलाइन नम्बरों के उपयोग को लेकर विद्यालय में उपस्थित छात्राओं को जागरूक किया गया। मिशन शक्ति अभियान को लेकर कस्तूरबा आवासीय विद्यालय की छात्राओं द्वारा नाटक की प्रस्तुतियां प्रस्तुत कर जागरूकता फैलाई गई। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश राय के ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए सशक्त नारी शशक्त प्रदेश का नारा देते हुए नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिए छात्राओं को प्रेरित किया।

मिशन शक्ति 5 के अंतर्गत महिला आरक्षियों द्वारा छात्राओं को विभिन्न हेल्पलाइन नम्बर- वूमेन पावर लाइन 112 ,एम्बुलेंस सेवा 108, चाइल्ड लाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन



1076 तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड़ टच, बैड टच के बारे में, घरेलू हिंसा के बारे में, साइबर अपराधों के बारे में साइबर हेल्पलाइन 1930 आदि सहित कानूनी प्रावधानों के बारे में जानकारी दी गई तथा उनके अधिकारों के बारे में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय मे जानकारी देते हुए पम्पलेट प्रदान कर जागरूक किया गया।

विद्यालय की प्रभारी वार्डन ज्ञानी देवी ने बताया मिशन शक्ति 5 के अंतर्गत बालिकाओं को सशक्त एवं मजबूत बनाने के लिए सेल्फ डिफेंस, हेल्पलाइन नम्बर, सरकारी योजनाएं, कानून सम्बन्धी बातों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश राय, विद्यालय स्टॉप से ज्ञानी देवी, नीलम यादव, रीमा वर्मा, ममता, आकांक्षा, सरिता, मोनिका, सुखदेव कुमार मौजूद रहे।

## नगर को स्वच्छ-सुंदर बनाने के लिए नागरिकों को दी जा रहीं मूलभूत सुविधाएं : राकेश राठौर 'गुरू'

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सीतापुर।** नगर पालिका परिषद सीतापुर की ओर से वार्ड संख्या 2 इस्माइलपुर में सी.सी.रोड व नाली निर्माण कार्य का नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू व चेयरमैन नेहा अवस्थी ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच लोकार्पण किया।



» इस्माइलपुर में चेयरमैन नेहा अवस्थी की उपरिथति में राज्य मंत्री ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण

इस मौके पर नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर 'गुरू' ने कहा कि नगर के सर्वांगीण विकास के लिये निकाय लगातार काम कर रही है। शहर को जल भराव से मुक्ति दिलाने के लिये नाले-नालियों का निर्माण कराया जा रहा है। चेयरमैन नेहा अवस्थी ने कहा कि पं.दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के तहत इस्माइलपुर वार्ड संख्या 2 में निर्मित हुई सी.सी. रोड़ एवं नाली निर्माण कार्य का लोकार्पण हुआ है। उन्होंने कहा कि नगर में अन्य कई सड़के व नालियों का निर्माण कराया जा रहा है। चेयरमैन ने कहा कि हमारा प्रयास है कि नगर को स्वच्छ-सुन्दर बनाने के साथ नागरिको को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करायी जाये।

इस्माइलपुर वार्ड की सभासद श्रीमती लज्जावती ने चेयरमैन व पालिका प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुये कहा कि मोहल्लेवासी काफी समय से इस मार्ग के निर्माण की माँग कर रहे है। सीसी रोड व दोनो तरफ नाली निर्माण से जलभराव की समस्या समाप्त हो गयी है। लोकार्पण अवसर पर चेयरमैन प्रतिनिधि नमीन्द्र अवस्थी ने मुख्य अतिथि नगर विकास राज्यमंत्री का स्वागत किया। इस मौके पर यतीन्द्र अवस्थी 'बबलू', राकेश त्रिपाठी, अनुभव पाण्डेय, मीतू बाजपेयी, ललित श्रीवास्तव 'चंचल', नीरज श्रीवास्तव, पंकज पाण्डेय, श्रीप्रकाश सिंह, श्रीमती मधु श्रीवास्तव, ममता डोडेजा, चन्द्रशेखर, प्रतीक अवस्थी, सिद्धार्थ अवस्थी, अंजनी मिश्र सहित मोहल्लेवासी मौजूद रहें।

**कार्यशाला** भाजपा की आत्मनिर्भर भारत अभियान से सम्बंधित कार्यशाला का आयोजन

## आत्मनिर्भर भारत 140 करोड लोगों का संकल्पः धर्मेंद्र सिंह

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सीतापुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर आत्मनिर्भर भारत अभियान से संबंधित कार्यशाला संबंधित संपन्न हुई। इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के उपाध्यक्ष व सदस्य विधान परिषद धर्मेंद्र सिंह उपस्थित रहे व विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला प्रभारी नीरज सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा की गई।

सर्वप्रथम अतिथियों एवं जिलाध्यक्ष द्वारा भाजपा के महापुरुषों के चित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलन किया गया, तत्पश्चात जिला अध्यक्ष द्वारा मुख्य अतिथि का अंग वस्त्र एवं स्मृतिचिह्न देकर स्वागत सम्मान किया गया। अपने स्वागत उद्बोधन में बोलते हुए जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन है और यह विजन 2047 तक भारत को विश्व गुरु बनाने का कार्य करेगा। उन्होंने कहा इसी के तहत इस अभियान को बहुत गंभीरता के साथ जन-जन तक पहुंचाना है जिससे भारत का प्रत्येक नागरिक आत्मनिर्भर व स्वदेशी प्रेमी बन सके।

अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि आज की कार्यशाला में आए हुए पदाधिकारियों को आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को बूथ स्तर तक सफलतापूर्वक संपूर्ण करना है साथ ही साथ उन्होंने भाजपा द्वारा राष्ट्रहित में किया जा रहे कार्यों को क्रमानुसार बताया। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को140 करोड़



लोगों का संकल्प बताया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही विश्व के एक ऐसे नेता हैं जो 140 करोड़ लोगों के सपनों को पूरा करने के लिए दिन-रात तपस्या कर रहे हैं। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और इसमें जन-जन की भागीदारी सुनिश्चित होगी। जिला प्रभारी नीरज सिंह द्वारा हर जन स्वदेशी और हर मन स्वदेशी का नारा दिया गया उन्होंने बताया कि स्वदेशी का प्रयोग कर आत्मनिर्भर भारत विश्व का नेतृत्व करने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिया गया स्वदेशी का मंत्र विकसित भारत की आधारशिला है। इसमें सभी को उत्साह के साथ जन-जन को जोड़ना है।

कार्यशाला में मुख्य रूप से बिसवां के विधायक निर्मल वर्मा लहरपुर के निवर्तमान विधायक सुनील वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रद्धासागर करुणा शंकर इंदू सिंह सचिन मिश्रा रामजीवन जायसवाल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय भार्गव, कंचन प्रभा पांडे, विश्राम सागर राठौर सुधाकर शुक्ला, नैमिष रत्न तिवारी जितेंद्र मेहरोत्रा,नीरज वर्मा , रमेश भार्गव दीपू, रामप्रताप सिंह, अमन विक्रम सिंह तरुण शुक्ला, ऋषभ त्रिवेदी सहित पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता व समर्थक उपस्थित रहे।

## एक नजर

### रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हुई महिला



**कानपुर।** बिल्हौर कस्बा स्थित रेलवे प्लेटफार्म के पास एक बड़ा हादसा हो गया। रसूलाबाद क्षेत्र के गदाईपुर गांव निवासी रंजना देवी पत्नी राजकुमार ट्रेन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। जानकारी के अनुसार रंजना देवी अपने भतीजे सुल्तान के साथ बिल्हौर बाजार आई थीं। खरीदारी के बाद वह घर लौट रही थीं। दोपहर में प्लेटफार्म के पश्चिमी छोर पर रिश्तेदार से मिलने के लिए रेलवे लाइन पार करने लगीं। इसी दौरान कन्नौज की ओर तेज रफ्तार से जा रही ट्रेन की चपेट में आ गईं। टक्कर लगते ही महिला प्लेटफार्म के पास गिर पड़ी और गंभीर रूप से घायल हो गईं। सूचना मिलते ही जीआरपी और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। घायल रंजना देवी को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिल्हौर ले जाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। आरपीएफ इंस्पेक्टर सुजीत कुमार झा ने बताया कि महिला के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। पुलिस ने मौके का मुआयना कर यात्रियों से घटना की जानकारी जुटाई।

### ठेला लगाने के विवाद में डंडे से मारपीट, गिरफ्तार

**कानपुर।** बिधनू थाना क्षेत्र में बताशे का ठेला लगाने को लेकर हुए विवाद में एक युवक पर डंडे से हमला किया गया। यह घटना शंभुआ गांव में हुई। हमले में शंभुआ गांव निवासी अंकुश निषाद घायल हो गए, जिनके सिर में चोट आई है। अंकुश निषाद पार्किंग के पास बताशे का ठेला लगाते हैं। गांव के रामचंद्र के बेटे शुभम, श्यामू, ब्रजेश और शिवम अपने साले का ठेला उसी जगह लगवाना चाहते थे। अंकुश ने इसका विरोध किया, जिसके बाद आरोपियों ने उसे गालियां दीं और डंडे से हमला कर दिया। सूचना मिलने पर डायल 112 की पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन आरोपी वहां से भाग गए। पीड़ित अंकुश के भाई अंकित ने बिधनू थाने में शिकायत दर्ज कराई। बिधनू थाना प्रभारी निरीक्षक तेज बहादुर सिंह ने बताया कि घायल युवक का मेडिकल कराया गया है। पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है और विवाद के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है।

### अवैध सब्जी विक्रेताओं ने दोबारा जमाया डेरा

**कानपुर।** महाराजपुर थाना क्षेत्र में स्थित पुल के नीचे सब्जी विक्रेताओं ने दोबारा अवैध कब्जा कर लिया है। पूर्व थाना अध्यक्ष द्वारा अतिक्रमण हटाए जाने के बाद फिर से दुकानदार वापस आ गए हैं। सूत्रों के अनुसार प्रशासन की कथित मिलीभगत से दुकानदारों ने अपनी दुकानें फिर से लगा ली हैं। स्थानीय निवासी गौरव राज किशोर, मोहित कुमार और शिवम ने इस समस्या को उजागर किया है। दुकानदारों ने तख्त और फर्नीचर रखकर जगह पर कब्जा जमा लिया है। ग्राहक अपनी गाड़ियां पुल के नीचे अवैध रूप से पार्क करते हैं। इसके अलावा टेंपो चालकों की भीड़ भी यहां जमा रहती है। पुल के नीचे हो रहे इस अतिक्रमण से रोजाना जाम की स्थिति बनती है। इससे राहगीरों और मरीजों को आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से तुरंत सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस मामले में जब थाना अध्यक्ष से संपर्क करने का प्रयास किया गया, तो उनका मोबाइल स्विच ऑफ मिला।

### मार्ग की मरम्मत के लिए ग्रामीणों की गुहार



**कानपुर।** शिवराजपुर से शिवली तक जाने वाले संपर्क मार्ग की स्थिति अत्यंत खराब हो गई है। इस मार्ग से हजारों लोगों का आवागमन होता है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिनके कारण कई वाहन चालक और राहगीर घायल हो चुके हैं। यह मार्ग मुस्ता, जगदीशपुर, सिकंदरपुर, दिलीप नगर, गौरी, अभयपुर, बोझा और भैंसऊ समेत कई गांवों को जोड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने लोक निर्माण विभाग और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को कई बार इस समस्या से अवगत कराया। लेकिन अभी तक सड़क का निर्माण नहीं कराया गया है। विजय तिवारी, जितेंद्र राजपूत, शिम्पू कटियार और अनुराग सहित स्थानीय निवासियों ने क्षेत्रीय सांसद और विधायक से सड़क निर्माण करवाने की मांग की है। क्षेत्रीय जनो का कहना है कि सड़क की मरम्मत से इस मार्ग से गुजरने वाले लोगों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

### जेसीबी चालक की लापरवाही से राहगीर घायल

**हिलौली उन्नाव।** मौरावां थाना क्षेत्र में एक जेसीबी चालक की लापरवाही से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना 25 सितंबर की सुबह करीब 11:30 बजे की है। गांव मोहगवा मजरा चक सरैया निवासी ब्रजेश सिंह अपनी मोटरसाइकिल से करदहा से अपने गांव जा रहे थे। इसी दौरान चंद्रभाल खेड़ा मजरा करदहा निवासी अमलेश यादव पुत्र बुद्धी लाल अपनी जेसीबी संख्या (यूपी35 सीटी1443) से बेर का पेड़ और उसमें लिपटे ब्लेट के तार को तेज गति से खींच रहा था। बृजेश ने कटीले पेड़ और तार को देखकर अपनी मोटरसाइकिल साइड में खड़ी कर दी।

# आई लव मोहम्मद विवाद पर जुमे के दिन हाई अलर्ट मोड पर रही नगर की पुलिस

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कानपुर।** आई लव मोहम्मद के साइन बोर्ड विवाद के बाद जुमे की नमाज पर पुलिस और जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट रहा। शहर काजी और मुस्लिम धर्म गुरुओं ने भी किसी तरह का विरोध और प्रदर्शन नहीं करने की अपील की थी। देर रात से ही अफसरों ने खुद सड़क पर उतरकर सेंसटिव इलाकों का जायजा लिया था। इसके साथ ही रावतपुर और यतीमखाना समेत अन्य इलाकों में पुलिस के साथ पीएसी भी तैनात की गई थी। शहर काजी अब्दुल कुद्दूस हाजी ने जुमा की नमाज पर शांति की अपील करते हुए कहा था कि आई लव मोहम्मद को लेकर पूरे मुल्क में उठे विवाद के बाद कानपुर का माहौल भी बहुत अच्छा नहीं है। हमारी शहर के जिम्मेदारों से गुजारिश है कि अपने-अपने इलाके में निगाह रखें और बच्चों को जुलूस निकालने से रोकें। क्योंकि अब पुलिस भी सख्त होती नजर आ रही है। अगर यही हाल रहा तो शहर की अमन और शांति को नुकसान पहुंचेगा। इसलिए



एफआईआर आई लव मोहम्मद के नाम पर नहीं, बल्कि पोस्टर फाड़ने पर हुई है

मेरी गुजारिश है कि हर इलाके में जिम्मेदार लोग पूरी निगरानी बनाए रखें। जुमा होने के चलते इलाके के सभ्रांत लोगों के साथ ही इमाम और मुतवल्ली की भी जिम्मेदारी है कि शांति व्यवस्था बनाए रखने में पूरी मदद करें। कोई भी आदमी कानून को अपने हाथ में न ले।

कानपुर के अफसरों के साथ हमारी कई बार बैठक हुई है। हमारे सामने सारे तथ्यों को रखा गया है। एफआईआर जो हुई है आई लव मोहम्मद के नाम पर जो चर्चा में है। यह एफआईआर आई लव मोहम्मद के नाम पर नहीं, बल्कि पोस्टर फाड़ने पर हुई है। इस वजह से शुक्रवार को जुमा की नमाज पर कानपुर पुलिस हाई अलर्ट मोड पर रही। डीसीपी पश्चिम दिनेश त्रिपाठी और डीसीपी ईस्ट सत्यजीत गुप्ता समेत अन्य अफसर खुद सड़क पर उतरे और रावतपुर, यतीमखाना समेत अन्य मुस्लिम सेंसटिव इलाकों का जायजा लिया। पब्लिक से बात करके उन्हें समझाते हुए शांति की अपील की। कानपुर के रावतपुर में 4 सितंबर को बारावफात व रोशनी के त्योहार पर आई लव मोहम्मद का साइन बोर्ड लगाने को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद पुलिस ने खुद वादी बनकर धार्मिक पोस्टर बैनर फाड़ने पर एक एफआईआर दर्ज की थी। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद से ही इस मामले ने इतना तूल पकड़ लिया कि कानपुर ही नहीं यूपी और देश-विदेश में इस बात को लेकर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है। जबकि पुलिस अफसरों ने साफ तौर पर बताया है कि यह एफआईआर आई लव मोहम्मद लिखने पर नहीं हुई थी, बल्कि यह एफआईआर धार्मिक पोस्टर बैनर फाड़ने पर हुई है।

# उन्नाव पहुंचे आईजी रेंज तरुण गाबा

## मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं से किया संवाद



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**उन्नाव।** आईजी रेंज तरुण गाबा उन्नाव पहुंचे। उन्नाव में पहुंच कर शहर के बड़े चौराहे पर आईजी रेंज तरुण गाबा ने फ्लैग मार्च कर मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं से सीधा संवाद किया है। इस दौरान उन्होंने शहर के चौराहे पर महिलाओं को जागरूक करते हुए महिला सुरक्षा और हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी। एसपी जय प्रकाश सिंह और भारी पुलिस फोर्स भी मौजूद रही।

बता दे कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षा और सशक्तिकरण के प्रति जागरूक करना है। इस अभियान के तहत महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों और सुरक्षा उपायों के बारे में जानकारी दी जा रही है, ताकि वे अपने अधिकारों और सुरक्षा के प्रति सजग रह सकें। इस अभियान के तहत उन्नाव पुलिस महिलाओं को सशक्त बनाने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर रही है।

# कोर्ट से न्याय की शुरुवात 2027 में जनता की अदालत में भी न्याय मिलेगा : सपा विधायक

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कानपुर।** छावनी विधानसभा से समाजवादी पार्टी के विधायक हसन रूमी ने सीसामऊ विधानसभा से पूर्व विधायक इरफान सोलंकी को हाई कोर्ट से जमानत मिलने का स्वागत कियाहै। हसन रूमी ने कहा कि यह न्याय मिलने की शुरुआत है और अब अन्याय का दौर समाप्त होने जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पार्टी के नेताओं को लगातार न्याय मिलने की यह प्रक्रिया अब अदालतों के माध्यम से शुरू हो चुकी है और 2027 के विधानसभा चुनाव तक जनता की अदालत भी न्याय सुनिश्चित करेगी।

सपा विधायक हसन रूमी ने कहा कि हमारे नेताओं को उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय से लगातार न्याय मिलना शुरू हो गया है। पहले अब्बास अंसारी



की विधायकी बहाल हुई, उसके बाद आजम खान को जमानत मिली और अब इरफान सोलंकी को भी हाई कोर्ट ने राहत दी है। यह स्पष्ट संकेत है कि भाजपा के अन्याय का दौर समाप्त हो रहा है और न्याय का दौर संविधान और न्यायालय के जरिए शुरू हो गया है। यही शुरुआत है, और आने वाले समय में जनता की अदालत में भी न्याय मिलेगा। न्यायालय के इन फैसलों से पार्टी के नेताओं और समर्थकों में विश्वास और हौसला बढ़ा है। उन्होंने आगे कहा कि इस फैसले के बाद पार्टी के नेताओं पर अन्याय और विवादों को भी अब विराम लग गया है। उन्होंने विश्वास जताया कि अब सपा के नेताओं को उनका अधिकार और सम्मान मिलेगा। इरफान सोलंकी और उनकी पत्नी के चुनाव लड़ने के सवाल पर हसन रूमी ने कहा- हर व्यक्ति को यह अधिकार है कि वह जहां से चाहे चुनाव लड़े। राजनीति में हर नेता चाहता है कि वह पार्षदीय, विधायकी और संसदीय चुनाव में हिस्सा ले। कौन कहां से लड़ेगा, यह पूरी तरह पार्टी का निर्णय है और पार्टी का निर्णय सभी को मानना होगा। यदि कोई अन्य व्यक्ति चुनाव लड़ता तो मैं उसकी बात करता, लेकिन इरफान सोलंकी और उनकी पत्नी हमारी पार्टी के नेता हैं।

# खिलाड़ी पिकल बॉल कोर्ट, स्विमिंग पूल व जिम का लेंगे आनंद

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कानपुर।** 30 सितंबर से ग्रीनपार्क स्टेडियम में होने वाले वनडे मुकाबले को लेकर इंडिया ए और आस्ट्रेलिया ए की टीमें 27 सितंबर को कानपुर आ जाएंगी। यहां पर होटल लैंडमार्क में खिलाड़ियों के ठहरने की ही व्यवस्थाओं को दुरुस्त नहीं किया जा रहा बल्कि उनके मनोरंजन को लेकर भी पूरा फोकस किया जा रहा है। खिलाड़ी खाली समय में अलग-अलग जगहों पर अपना समय बिता सकते हैं। अभ्यास सत्र के अलावा वो लोग आपस में अगर समय बिताना चाहेंगे तो उसको भी ध्यान में रखा गया हैं।

होटल लैंडमार्क की एजीएम दक्षा आनंद के अनुसार 27 सितंबर को दोनों टीमों के खिलाड़ी शहर आ जाएंगे। 28 और 29 सितंबर को दोनों टीमे अभ्यास सत्र में शामिल होंगी। इसके अलावा खिलाड़ियों के पास जो समय बचेगा उस



दौरान वो लोग जिम, स्विमिंग पूल और पिकलबॉल का आनंद ले सकेंगे। जब तक होटल में खिलाड़ी ठहरेंगे तब तक बाहरी व्यक्तियों का प्रवेश यहां पर नहीं होगा। उनकी सुरक्षा को लेकर काफी सख्त इंतजाम किए गए हैं। अपना शहर वैसे भी क्रिकेट का दिवाना रहा हैं। इसको ध्यान में रखकर सारी तैयारियां की जा रही हैं।

दक्षा आनंद ने कहा कि दोनों टीमों के खिलाड़ी हमारे लिए विशेष मेहमान है, इसलिए उनके स्वागत के लिए भी विशेष तैयारी की जा रही हैं। सभी के रूम में सजावट के लिए विशेष पौधे लगाए जाएगे। इसके अलावा खिलाड़ियों के रूम में रूम फ्रेशनर होगा जो कि उनको हमेशा एक ताजगी का एहसास कराता रहेगा। कुछ खिलाड़ियों को इससे अलर्जी भी होती है, इसका भी खास ख्याल रखा जाएगा। दक्षा आनंद ने बताया कि खिलाड़ी खाने और नाश्ते के समय एक ही जगह पर इकट्ठा होंगे। उनके लिए बुफे लगाया जाएगा। इसके अलावा यदि कोई खिलाड़ी रूम सर्विस मांगते है तो उसका भी इंतजाम भी किया जाएगा, ताकि किसी खिलाड़ी को कोई दिक्कत न हो। खिलाड़ियों के लिए 4 फ्लोर में कुल 65 कमरे बुक किए गए हैं। इन कमरों को पूरी तरह से साज सज्जा के साथ तैयार करने की प्रक्रिया शुरू हो गई हैं। खिलाड़ियों के आने से पहले इन्हें पूरी तरह से तैयार कर लिया जाएगा। इसके अलावा कुछ एरिया ऐसी भी डिसाइड की गई हैं, जहां पर सिर्फ खिलाड़ी ही जा सकेंगे। इसके अलावा वहां पर किसी भी बाहरी व्यक्ति का प्रवेश नहीं होगा।

# पुलिस टीम के द्वारा मिशन शक्ति फेज-5 के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**असोहा उन्नाव।** शुक्रवार को मिशन शक्ति अभियान फेज 5 के तहत थाना प्रभारी निखलेश कुमार ने गांव निमैचा व गोसाईं खेड़ा मे चौपाल लगाकर बालिकाओं और महिलाओं को मिशन शक्ति फेज-5 के अन्तर्गत शक्ति दीदी अभियान के तहत उनकी समस्याओं के सम्बन्ध में जानकारी की गई तो उनके द्वारा किसी प्रकार की कोई शिकायत प्रकट नही की गई।

महिलाओं व बच्चों को सरकार द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं जैसे नारी सुरक्षा नारी सम्मान, कन्या सुमंगला योजना, वृद्धा पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बीसी सखी योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना व विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे पुलिस अपातकालीन सेवा 112, वीमेन पावर हेल्प लाइन 1090, मुख्यमंत्री हेल्प



लाइन 1076, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, साइबर अपराध हेल्प लाइन 1930, एंबुलेंस सेवा 108 आदि के सम्बन्ध में अवगत कराकर जागरूक किया गया। इस दौरान रेशमा, युक्ति, शिखा, तान्या आकांक्षा, शिवानी, कोमल, तनु राजकुमारी, यशोदा देवी, माया देवी, संदीपा, विनीता बंदना सहित अन्य महिलाएं व बालिकाएं रही।

# विद्यालय में बच्चों का एसडीएम ने हौसला बढ़ाया



**पुरवा उन्नाव।** स्थानीय विकासखंड के पीएम श्री विद्यालय कंपोजिट बनिगांव में मिशन शक्ति 5.0 कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय की बच्चियों द्वारा बेहतरीन प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी प्रमेश श्रीवास्तव ने बच्चियों का हौसला बढ़ाया। मिशन शक्ति-5.0 कार्यक्रम में एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने कहा कि अब बेटियां भी फाइटर प्लेन चलाकर दुश्मनों के दांत खट्टे कर रही हैं। क्षेत्र के पी एम श्री कम्पोजिट विद्यालय बनिगांव के कार्यक्रम में शामिल एसडीएम ने छात्राओं की प्रस्तुतियों को सराहा और उनका हौसला अफजाई किया।

बीईओ सुरेश कुमार द्वारा विद्यालय स्टाफ एवं अभिभावकों को मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत प्रदेश सरकार के प्रयासों को बताया गया। इस मौके पर राजकीय बालिका हाई स्कूल की प्रधानाचार्या, पूर्व ए आर पी आलोक अवस्थी, एआरपी हर्षित मिश्रा, सी एच ओ डॉक्टर भावना बाजपेई भी उपस्थित रहीं। बच्चियों ने नवरात्रि में नवदुर्गा अवतार का अभिनय कर सभी की तालियां बटोरीं। कार्यक्रम के अंत में उपजिलाधिकारी द्वारा मिशन शक्ति शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध समिति के अध्यक्ष, सदस्य एवं लगभग एक सैकड़ा महिलाएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

# गर्भनिरोधक साधनों के प्रति जन-जागरूकता बहुत जरूरी : हरिनंदन

» विश्व गर्भनिरोधक दिवस पर पीएसआई इंडिया के सहयोग से कार्यशाला आयोजित

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**उन्नाव।** विश्व गर्भनिरोधक दिवस पर बृहस्पतिवार को नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ब्रह्मनगर में स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में पापुलेशन सर्विसेज इंटर नेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) के सहयोग से कार्यशाला आयोजित की गयी। कार्यशाला में नगरीय क्षेत्र के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों के चिकित्सा अधिकारी के साथ ही चिकित्सक, आशा कार्यकर्ता, एएनएम, स्टाफ नर्स व अन्य स्वास्थ्य कर्मी तथा समुदाय के लोग उपस्थित रहे।

कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (एसीएमओ) व परिवार नियोजन कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. हरिनंदन प्रसाद ने कहा कि शादी के कम



से कम दो साल बाद ही बच्चे की योजना बनाने और दो बच्चों के जन्म में तीन साल से अधिक का अंतर रखने के लिए सरकार ने गर्भ निरोधकों के बास्केट ऑफ़ च्वाइस की सुविधा मुहैया कराई है। इनमें से मनपसंद साधन चुनकर अनचाहे गर्भ के जोखिम से आसानी से बचा जा सकता है और मां व बच्चे को बेहतर स्वास्थ्य प्रदान किया जा सकता है। गर्भ निरोधक साधनों के प्रति समुदाय के हर वर्ग में जागरूकता बढ़ाने तथा युवा दम्पति को यौन और प्रजनन स्वास्थ्य पर मन मुताबिक़ विकल्प देकर परिवार के प्रति निर्णय लेने में सक्षम बनाने के उद्देश्य से ही हर साल 26 सितम्बर को विश्व गर्भनिरोधक दिवस मनाया जाता है।

डॉ. प्रसाद ने कहा कि सरकारी अस्पतालों और सेवा केन्द्रों के माध्यम से भी प्रसव पश्चात और गर्भ समापन पश्चात गर्भनिरोधक साधनों को अपनाने, परिवार नियोजन में पुरुषों की भागीदारी बढ़ाने, स्थायी व अस्थायी गर्भनिरोधक साधनों के प्रति जागरूकता के साथ ही सही उम्र में ही शादी करने की सलाह प्रदान की जाती है। स्वास्थ्य इकाइयों पर परिवार नियोजन के स्थायी साधन के रूप में पुरुष व महिला नसबंदी की सुविधा प्रदान की जाती है। अस्थायी साधन के रूप में ओरल पिल्स, कंडोम, आई यू सी डी प्रसव पश्चात व गर्भ समापन पश्चात आईयूसीडी और त्रैमासिक गर्भ निरोधक इंजेक्शन अंतरा की सुविधा उपलब्ध है।

इस मौके पर जिला अर्बन हेल्थ कोऑर्डिनेटर डॉ. रानू कटियार ने कहा कि दुनिया भर में लगातार बढ़ती आबादी पर नियन्त्रण के लिए तमाम देशों की सरकार और कई संस्थाएं हर मुमकिन तरीके से लोगों को जागरूक करने में जुटी हैं। इसी कड़ी में हर साल 26 सितंबर के दिन को विश्व गर्भनिरोधक दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम में पीएसआई इंडिया से अनुरेश सिंह उपस्थित रहे।

# महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने अस्पताल में कन्या जन्मोत्सव मनाया

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**उन्नाव।** जिला प्रोबेशन अधिकारी क्षमा नाथ राय ने बताया है कि निदेशालय, महिला कल्याण, उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा प्रदेश में शारदीय नवरात्र के अवसर पर महिलाओं एवं बालिकाओं के स्वास्थ्य, सम्मान एवं सशक्तिकरण हेतु मिशन शक्ति फेज-5.0 कार्यक्रम आयोजित किये जाने हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश निर्गत किये गये है, जिसके अन्तर्गत आज उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव की अध्यक्षता में जिला महिला चिकित्सालय उन्नाव में केक काटकर कन्या जन्मोत्सव मनाते हुए 30 नवजात बालिकाओं के अभिभावकों को बेबी केयर किट प्रदान की गयी तथा आंगनबाड़ी केन्द्र गदन खेड़ा बाईपास उन्नाव में 11 बालिकाओं का अन्नप्राशन एवं 8 गर्भवती महिलाओं



की गोद भराई कार्यक्रम के साथ ही शारदीय नवरात्र के अवसर पर कन्या पूजन कर बालिकाओं को फल एवं मिष्ठान का वितरण किया गया।

इस अवसर पर उपाध्यक्ष ने अपने सम्बोधन में कहा कि कन्या सुमंगला योजना के पात्र लाभार्थियों को शत प्रतिशत लाभान्वित किया जाए तथा साथ ही मिशन शक्ति-फेज 5.0 के माध्यम से महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं का प्रचार प्रसार करते हुए लाभान्वित किया जाए। कार्यक्रम में नायब तहसीलदार सदर, जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी क्षमा नाथ राय, विधि-सह परिवीक्षा अधिकारी वन स्टॉप सेन्टर अवधेश कुमार व जनपद स्तरीय अन्य अधिकारी व कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### कार गैरेज मालिक की करंट से मौत

**बीघापुर उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के ओसियां कैची मोड़ में शुक्रवार को कार गैरेज के मालिक बिजली के करंट की चपेट में आ गया। उसे सौ बेड अस्पताल ले गये जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुरवा कोतवाली के गांव त्रिपुरार पुर के मजरे पूरन खेड़ा निवासी शैलेंद्र सिंह पटेल 30 वर्ष पुत्र पीताम्बर बीघापुर के ओसियां कैची मोड़ में फोर व्हीलर गाड़ियों का गैरेज चलाता था। शुक्रवार की सुबह वह साथी कर्मचारियों के साथ गैरेज के बाहर लगी टीन शेड ठीक कर रहा था। टीन के नीचे से गुजरी विद्युत केबिल अचानक लोहे की टीन से छू गया। जिसकी चपेट में आकर वह काफी देर तक चिपका रहा और साथी कर्मचारी किसी तरह करंट से बच गए।

### चार लोग मारपीट में हुए घायल

**उन्नाव।** पुलिस ने थाना क्षेत्र के तीन अलग अलग गांवों में हुई मारपीट की घटनाओं में घायल हुए चार लोगों को मेडिकल के लिए भेज पांच के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। अचलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम हुलास खेड़ा निवासी लल्लू की शिकायत पर पुलिस ने गांव के ही रमेश व उसके एक रिश्तेदार के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज कर घायल लल्लू को मेडिकल के लिए भेजा है। इसी प्रकार जगत खेड़ा निवासी शिल्पी ने खेत के पास खड़े वाहन को हटाने की बात कहने पर पड़ोसी दीपांशु, हिमांशु ने अपनी मां के साथ मिलकर शिल्पी तथा उसकी बहन रीशू को जमकर मारा पीटा जिसमें दोनों बहने घायल हो गईं।

### युवक का बाग में संदिग्ध अवस्था में शव मिला

**असोहा उन्नाव।** क्षेत्र के गांव बजरंग खेड़ा निवासी स्वर्गीय रामशंकर का 40 वर्षीय बेटा गंगाराम मजदूरी करता था।गुरुवार सुबह घर से किसी काम से निकला था। देर शाम तक घर वापस ना आने पर स्वजन ने खोजबीन शुरू की थी।देर रात लगभग नौ बजे गांव से लगभग पांच सौ मीटर दूर स्थित महुवा की बाग में नित्य क्रिया को गए ग्रामीणों ने गंगाराम का संदिग्ध अवस्था में शव पड़ा देख स्वजन को सूचना दी। मौके पर पहुंचे स्वजन शव देख दंग रह गए।

स्वजन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। ग्रामीणों में चर्चा है कि गंगाराम शराब का लती था। कुछ दिन पूर्व उसने पांच बिश्वा भूमि बेची थी। जिसके बाद शराब अधिक पी रहा था। अत्यधिक शराब पीने से उसकी मौत हो गई। वही पत्नी बिटोला ने गांव के ही कुछ लोगों पर पति को ज्यादा शराब पिलाने का आरोप लगाया है।

**कार्यक्रम** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई मिशन शक्ति -5

# जन सामान्य की समस्याओं के निराकरण से संबंधित जन चौपाल का आयोजन

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**उन्नाव।** आज जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में विधायक मोहान बृजेश रावत की उपस्थिति में विकासखंड नवाबगंज के राजस्व ग्राम केंवाना में महिला सुरक्षा सम्मान स्वावलंबन के दृष्टिगत मिशन शक्ति 5 के कार्यक्रम व संवाद करके जन सामान्य की समस्याओं के निराकरण से संबंधित जन चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर चौपाल में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं समाज कल्याण, महिला कल्याण, आई सीडीएस राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बेसिक शिक्षा स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा चलाई जा रही सरकार की कल्याणकारी योजनाओं नीतियों कार्यक्रमो विषयक लगाए गए स्टालों का अवलोकन कर जिला अधिकारी ने जानकारी ली। कार्यक्रम के अवसर पर जिलाधिकारी ने आईसीडीएस विभाग द्वारा आयोजित गोद भराई एवं अन्न प्राशन्न कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं को पोषण पोटली भेंट कर साथ ही नवजात शिशुओं को अन्नप्राशन कर उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने मिशन शक्ति 5 की दृष्टिगत महिला सशक्तिकरण जागरूकता स्वालंबन के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाली राष्टीय आजीविका मिशन की महिलाओं बीसी सखी बैंक सखी विद्युत सखी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित कर कहा की यह महिलाएं अधिकारियों की सैलरी से भी ज्यादा प्रतिमाह कमाई कर आत्मनिर्भर और



स्वावलंबी बनी है हमें इन महिलाओं की सीख लेनी चाहिए। ताकि महिलाएं हर क्षेत्र में सशक्त होकर एक अच्छे समाज का निर्माण कर सकें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि आज का यह कार्यक्रम पूर्ण रूप से महिला सशक्तिकरण सुरक्षा स्वालंबन को समर्पित है। कहा सरकार द्वारा महिलाओं के सुरक्षा सम्मान स्वालंबन के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चला रखी हैं महिलाएं जागरुक होकर उनका लाभ लें। वह किसी भी स्थिति में पुरुषों से कम नहीं है। कहा की सरकार कन्या के जन्म से लेकर विवाह तक की अनेक कल्याणकारी योजनाएं चला रखी है। लैंगिक असमानता दूर करने के लिए अनेक प्रयास सरकार कर रही है। कहा की महिला संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए अनेक हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं उन पर शिकायत करें। पुलिस विभाग द्वारा महिला बीट आरक्षी तैनात किए गए हैं कोई भी महिला उनसे शिकायत दर्ज करा सकती है त्वरित निस्तारण किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश ने महिला सुरक्षा सम्मान और महिला सशक्तिकरण को समर्पित इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा इसलिए पुलिस विभाग द्वारा की महिला सुरक्षा अधिकारों स्वालंबन के लिये जगह-जगह पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं सभी थानों में मिशन शक्ति केंद्र बनाए गए हैं महिला बीटों की तैनाती की गई है यदि महिला संबंधी कोई भी शिकायत है तो वह करें उन पर त्वरित निर्णय लेकर कठोर कार्रवाई की जाएगी। महिला अपराध हमारी प्राथमिकताएं हैं अपराधी को ऐसी सजा मिलेगी की नजीर बनेगी प्रत्येक महिला शक्ति केंद्रों पर हेल्प लाइन नंबर जारी किए गए हैं इन हेल्प लाइन नंबरों पर भी शिकायत करें त्वरित शिकायत का निस्तारण किया जाएगा।

विधायक ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के तहत चलाए जा रहे सरकार की कल्याणकारी योजनाओं नीतियों कार्यक्रमों की वृहद स्तर पर जानकारी देने के लिए मिशन शक्ति 5 के तहत यह चौपाल आयोजित हुई है सरकार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कन्या सुमंगला योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना सहित अनेक योजनाएं व महिला अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए अनेक हेल्प लाइन नंबर जारी किए गए हैं महिलाएं आगे आकर इन योजनाओं का लाभ लें।

## एक नजर

### पोषण माह के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों पर आयोजित हुए कार्यक्रम

**अमेठी।** पोषण माह 2025 के अंतर्गत जनपद अमेठी के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर दूसरे सप्ताह में जागरूकता से जुड़े कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर जागरूकता रैली, लर्निंग कार्नर, गोदभराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम संपन्न हुए। गौरीगंज परियोजना कार्यालय में ईसीसीई (प्री-प्राइमरी) पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सीडीपीओ संतोष कुमार गुप्ता एवं रॉकेट लर्निंग संस्था द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। शाहगढ़ ब्लॉक के शाहगढ़-1 आंगनबाड़ी केंद्र पर मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें गर्भवती, धात्री एवं 3-6 आयु वर्ग के बच्चों की माताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वहीं भेटुआ ब्लॉक के करारी लक्षण शाह आंगनबाड़ी केंद्र पर बच्चों का वजन (स्टंटिंग सत्यापन) और पीटीएम का आयोजन किया गया। इस दौरान अभिभावकों को स्वच्छता, गुड हैबिट्स और बच्चों की नियमित उपस्थिति के महत्व पर जागरूक किया गया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य जनमानस तक "सही पोषण – देश रोशन" का संदेश पहुँचाना और मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाना है।



### राष्ट्रीय पर्व पर 5 कि.मी. वॉक रेस का आयोजन 02 अक्टूबर को

**अमेठी।** जिला खेल कार्यालय अमेठी के उपक्रीड़ाधिकारी शमीम अहमद ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भॉति राष्ट्रीय पर्व 02 अक्टूबर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न पुरस्कृत लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर पुरूष/महिला वर्ग का 5 किमी वॉक रेस (पैदल चाल) का आयोजन जनपद के डॉ भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में प्रातः 8 बजे से प्रारम्भ किया जायेगा। उन्होंने बताया कि उक्त रेस में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों में से प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पंचम एवं पष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले पुरूष/महिला खिलाड़ियों को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। इस क्रम में उन्होंने बताया कि जनपद के स्थानीय विद्यालय के खिलाड़ियों एवं स्थानीय खिलाड़ी उक्त प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु 02 अक्टूबर को प्रातः 07 :30 बजे जिला खेल कार्यालय अमेठी में अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते है।

### कक्षा 11 की वर्षा उपाध्याय बनी एक दिन की एसडीएम

**अमेठी।** नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान फेज-5 .0 के अंतर्गत अमेठी में एक अनोखी पहल की गई। तहसील गौरीगंज में उपजिलाधिकारी प्रीति तिवारी के नेतृत्व में राजकीय बालिका विद्यालय गौरीगंज की कक्षा 11 की छात्रा वर्षा उपाध्याय को एक दिन का उपजिलाधिकारी बनने का अवसर प्रदान किया गया। एसडीएम की भूमिका निभाते हुए वर्षा उपाध्याय ने तहसील परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न पटलों का जायजा लिया और साफ-सफाई, फाइलों एवं अभिलेखों के रख-रखाव को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कार्यालय में जनसुनवाई भी की, जहाँ फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनके समाधान हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों ने बालिका एसडीएम की लगन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता की सराहना की। गौरतलब है कि शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रारंभ हुए मिशन शक्ति अभियान 5 .0 का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रोत्साहित करना है। जिलाधिकारी संजय चौहान के निर्देशन में जनपद में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें महिलाओं और बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबरों एवं शासकीय योजनाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराई जा रही है।



### समय से पूर्व मिला छात्रवृत्ति का उपहार, छात्राओं के खिले चेहरे

**अमेठी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज पूर्वान्ह 11:00 बजे 'छात्रवृत्ति वितरण कर्यक्रम' का आयोजन जुपिटर हाल इन्दिरा गाँधी प्रतिष्ठान गोमती नगर में किया। उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद अमेठी के समस्त सम्बन्धित विद्यालयों में किया गया। जनपद में प्रथम चरण में कक्षा 9 से 12 के कुल 10755 छात्र-छात्राओं को, जिसमें अनुसूचित जाति, के 2550, सामान्य वर्ग के 1883. अन्य पिछडा वर्ग के 5609 एवं अल्पसंख्यक वर्ग के 713 छात्र-छात्राओं छात्रवृत्ति धनराशि उनके डी0बी0टी0 बैंक खातों में प्रेषित की गयी। सांकेतिक रूप से समस्त सम्बन्धित विद्यालयों (कक्षा-9-10 के 148 एवं कक्षा 11-12 के 99) में छात्रवृत्ति स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किया गया। जिलाधिकारी संजय चौहान एवं मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल के निर्देशन में जनपद के राजकीय बालिका इण्टर कालेज गौरीगंज एवं रणन्जय इण्टर कालेज गौरीगंज में जिला विद्यालय निरीक्षक, श्री शिव प्रताप इण्टर कालेज एवं राजकीय बालिका इण्टर कालेज अमेठी में जिला समाज कल्याण अधिकारी एवं जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अमेठी द्वारा स्वयं उपस्थित रहकर मा0 मुख्यमंत्री जी के मुख्य कार्यक्रम के सजीव प्रसारण के साथ छात्रवृत्ति प्रमाण पत्र वितरित कराते हुये कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया।



### जिलाधिकारी ने जनसुनवाई में सुनी जनता की समस्याएं

**अमेठी।** जिलाधिकारी संजय चौहान ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में आमजन की समस्याएं सुनीं। जिलाधिकारी ने जनसुनवाई के दौरान प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक नागरिक की समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए। किसी भी स्तर पर लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



### कम्पोजिट विद्यालय नेवढ़िया में स्वास्थ्य एवं करियर काउंसलिंग सत्र आयोजित

**अमेठी।** मिशन शक्ति 5 .0 अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को कम्पोजिट विद्यालय नेवढ़िया में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आयुष्मान आरोग्य मंदिर की सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी रिया सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान रिया सिंह ने छात्र-छात्राओं को मेडिकल क्षेत्र में करियर बनाने के अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने स्वास्थ्य संबंधी कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करते हुए बच्चों को संतुलित आहार के लाभ, दवाइयों के सुरक्षित उपयोग तथा दैनिक जीवन में अपनाए जाने वाले स्वास्थ्यवर्धक उपायों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर ही उज्ज्वल भविष्य की नींव है, इसलिए बच्चों को बचपन से ही स्वास्थ्यवर्धक आदतों को अपनाना चाहिए। साथ ही, उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि यदि वे मेडिकल क्षेत्र में रुचि रखते हैं तो उनके लिए भविष्य में असीम संभावनाएं उपलब्ध हैं। विद्यालय परिवार एवं छात्र-छात्राओं ने इस जागरूकता सत्र में उत्साहपूर्वक भाग लिया और विषय से संबंधित अनेक प्रश्न भी पूछे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालक-बालिकाओं में स्वास्थ्य संबंधी सजगता बढ़ाना तथा उन्हें भविष्य में चिकित्सा क्षेत्र में करियर के प्रति मार्गदर्शन देना रहा।



# दलित परिवार पर दबंग प्रधान व साथियों ने बोला हमला

## पुलिस ने एफआईआर के बजाय शांतिभंग में निपटा कर की अपने कर्तव्यों की इतिश्री

- लालगंज कोतवाली क्षेत्र के नरसिंहपुर गांव में दलित परिवार की जमकर पिटाई
- एसपी का दरवाजा खटखटाने पर भी नहीं दर्ज हुई रिपोर्ट

**विश्ववार्ता संवाददाता**

लालगंज,रायबरेली। जिले की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करते हुए लालगंज कोतवाली क्षेत्र के नरसिंहपुर गांव में दलित परिवार की निर्मम पिटाई और जातिसूचक गालियां देने वाले एक दबंग प्रधान और उसके दबंग साथियों पर पुलिस ने गंभीर धाराओं में केस दर्ज करने के बजाय महज शांतिभंग की कार्रवाई कर इतिश्री कर ली।

पीड़ित परिवार दूसरे दिन भी कोतवाली पहुंचा और न्याय की गुहार लगाई, लेकिन थाने से टरका दिए जाने के बाद कप्तान का दरवाजा खटखटाया। हैरत की बात यह है कि समाचार लिखे जाने तक प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई।



जानकारी के मुताबिक दलित परिवार अपना घर बनवा रहा था। इसी दौरान ग्राम प्रधान ने उनसे तीस हजार रुपये वसूले, अब दोबारा बीस हजार की मांग की। मना करने पर प्रधान अपने साथियों संग घर में घुस आया और रामशंकर पासी व उसके परिवार की पिटाई कर दी। पीड़ित की बेटी ने विरोध किया तो उसे भी बेरहमी से मारा गया। दबंगों ने घर फूंक देने की धमकी देते हुए माचिस तक सुलगा दी, जिसे लड़की ने छीनकर फेंक दिया। तहरीर में प्रधान समेत तीन लोगों को नामजद किया गया है। फिर भी पुलिस ने दबंगों को संरक्षण देते हुए दोनों पक्षों पर समान दोष ठहराकर शांतिभंग की कार्रवाई कर दी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रमोद सिंह का कहना है कि जांच में दोनों पक्ष दोषी पाए गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब कानून को हाथ में लेने वाले दबंगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के बजाय पुलिस उन्हें बचाती है तो क्षेत्र में अपराध और दबंगई को खुला संरक्षण मिलता है।

न्याय की आस में पीड़ित दलित परिवार दर-दर भटक रहा है और पुलिस की लापरवाही ने कानून पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। हैरत तो इस बात की है कि न्यायालय का काम पुलिस कर रही है। दोष यहीं सिद्ध कर कानून को हांथों में लेने वाले दबंगों के खिलाफ कार्रवाई के बजाय उन्हे सरंक्षण दिया जा रहा है। लोगों का मानना है कि पुलिस की इस तरह की कार्रवाई से क्षेत्र में दबंगई बढ़ेगी।

# नवरात्रि में मां के दर्शन से पूरी होती है मनौती

- तीन सदियों से सिद्ध पीठ पथवारी देवी मंदिर में नवरात्रि के दिनों में उमड़ी भक्तों की भारी भीड़

**वीरेंद्र शुक्ला**

**डलमऊ, रायबरेली।** गंगा तट किनारे 300 वर्षों का पौराणिक स्थल सिद्ध पीठ पथवारी देवी मंदिर पर नवरात्रि के दिनों में हर दिन भक्तों का तांता लगा रहता है।

छोटी काशी के नाम से विख्यात डलमऊ गंगा तट पर स्थित यह मंदिर अपनी दिव्यता और आध्यात्मिक ऊर्जा के लिए दूर-दूर से श्रद्धालुओं को सहज ही अपनी ओर आकर्षित करता है। नगर पंचायत अध्यक्ष ब्रजेश दत्त गौड़ बताते हैं कि नगर पंचायत के द्वारा सीसी मार्ग का निर्माण कराया गया है। भक्तों को मंदिर तक पहुंचने में सुविधा मिल रही है। विशेषकर सुबह और शाम आरती के समय मंदिर भक्तों से पूर्ण होता है। उन्होंने बताया कबमंदिर का इतिहास लगभग 300 वर्ष पुराना है।स्थानीय निवासी सुरजलाल मिश्र को रात्रि में स्वप्न में दर्शन हुआ कि मां पथवारी देवी इस स्थान पर गड़ी हुई हैं। अगले दिन उन्होंने उसी जगह खुदाई कर मां की प्रतिमा स्थापित की। बाद में सुनील श्रीवास्तव और पप्पू सोनी द्वारा इसका जिर्णोद्धार कराया गया। मंदिर को रंग-बिरंगी झालरों और मनोहारी सजावट से सजाया गया है, जिससे इसकी दिव्यता और स्पष्ट हो जाती है।नवरात्रि और अष्टमी के अवसर पर मंदिर में विशेष पूजा, गंगा आरती और रात्रि जागरण का आयोजन होता है, जिसमें पूरे कस्बे के श्रद्धालु शामिल होते हैं। पुजारी संदीप मिश्र बताते हैं कि नित्य दर्शन और आरती से भक्तों को मानसिक शांति और जीवन की बाधाओं से मुक्ति मिलती है। श्रद्धालु दिलीप कुमार मिश्र कहते हैं कि मां पथवारी देवी के दर्शन से उनका मन प्रसन्न और जीवन संतुलित हो जाता है। तीन सदियों पुराना पावन स्थल न केवल धार्मिक, बल्कि स्थानीय संस्कृति और भक्ति परंपरा का भी प्रमुख केंद्र है। नवरात्रि में उमड़ती भक्तों की भीड़ इसे और अधिक जीवंत बनाती है और श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभूति का अनुभव कराती है। मंदिर की दिव्यता और मां पथवारी देवी के आशीर्वाद से पूरे क्षेत्र में भक्ति और आस्था की गूंज सुनाई देती है।



### सलोन में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष के परिवार पर हमले का मामला दर्ज

**सलोन, रायबरेली।** नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष व सपा नेता चौधरी मोहम्मद अशफाक के पुत्र चौधरी फहद, चौधरी हुफैजा तथा भतीजे शिबू चौधरी और ताबीस चौधरी पुत्र चौधरी अखलाक के खिलाफ कोतवाली सलोन में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पीड़ित ने पुलिस में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि बुधवार/गुरुवार की बीती रात लगभग 9:30 बजे गुलाम असगरी चौधरी पुत्र अकबर चौधरी अपने घर के पास टहल रहे थे, जब उन्होंने कहा कि बाहरी लोगों के साथ रात में घर के पास न घूमें। इस बात पर चारों आरोपी आगबबूला हो गए और गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों और चाकू से पीड़ित पर हमला कर दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। जांच पूरी होने पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### दुकान में चोरी की घटना की दूसरे दिन भी नहीं दर्ज की रिपोर्ट

**लालगंज, रायबरेली।** पुलिस की नाक के नीचे से अज्ञात चोरों ने इलेक्ट्रानिक्स की दूकान में सेंधमारी कर हजारों रूपये का सामान पार कर दिया। घटना के दूसरे दिन भी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। पुलिस 24 घंटे से अधिक समय से पीड़ति को टहला रही है। यह घटना बहाई पुलिस चौकी से चंद कदम पर स्थित बहाई गांव निवासी जुनैद की दूकान की घटना है। बहाई गांव निवासी जुनैद अली ने बताया कि उसकी गांव में चौकी के पास इलेक्ट्रनिक्स की दुकान है। रात में चोरो ने पीछे से सेंध काटकर दुकान के अंदर रखा इन्वर्टर, बैटरा, पंखे, तार व बल्ब आदि उठा ले गये। पीडित के अनुसार चोरी की इस घटना में उसे लगभग 50 हजार का नुकसान हुआ है। बताया गया है कि पुलिस ने जांच के नाम पर पीड़ति को टहला दिया है। घटना की रिपोर्ट दर्ज न होने से पीड़ित ने गहरी नाराजगी व्यक्त की।

# गांव गांव पहुंच कल्याणकारी योजनाओं की देनी होगी जानकारी : शंकर गिरी

- जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अमेठी।** गौरीगंज स्थित जिला भाजपा कार्यालय पर जनपद आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत एक भव्य जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश मंत्री एवं अमेठी जिले के प्रभारी श्री शंकर गिरी जी उपस्थित रहे। कार्यशाला की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी अमेठी के जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने की।

कार्यशाला का उद्देश्य जिले के विकास को गति देना,स्थानीय नागरिकों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मार्गदर्शन करना तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाना रहा।



मुख्य अतिथि श्री शंकर गिरी जी ने आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने हेतु सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं—जैसे पीएम स्वरोजगार योजना, स्टार्टअप इंडिया, स्किल डेवलपमेंट मिशन आदि पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं, किसानों,महिला उद्यमियों और शिल्पकारों को विशेष रूप से प्रेरित किया कि वे इन योजनाओं का लाभ लेकर आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हों।

भाजपा जिला अध्यक्ष श्री सुधांशु शुक्ला जी ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि आत्मनिर्भर भारत केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हर भारतवासी का संकल्प है।उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे गांव-गांव जाकर आम जनता को इस अभियान से जोड़ें और उन्हें जागरूक करें।

कार्यशाला में जिले के प्रमुख रूप से अभियान के संयोजक जिला मंत्री मनोज जायसवाल अभियान के सहसंयोजक मनोज तिवारी धर्मेंद्र गिरी अजय द्विवेदी सहित भाजपा पदाधिकारी, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, उद्यमी, युवा एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# जीएसटी संशोधन ने आमजन को दी राहत : राज्य मंत्री

- राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने दुकानों में चिपकाए पंपलेट

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अमेठी।** प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य राज्य मंत्री ने क्षेत्र के सार्वजनिक स्थलों पर पहुंच लोगों को जीएसटी के फायदे बताते हुए दुकानों पर पम्पलेट चिपकाए और संशोधित जीएसटी को आमजन के लिए उपयोगी बताया। इस दौरान उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियां भी साझा कीं।

शुक्रवार को प्रदेश सरकार के चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने अहोरवा भवानी व राजाफत्तेपुर के चौराहों पर दुकानदारों को सरकार द्वारा जीएसटी घटाने के फायदे बताये साथ ही जागरूकता फ़ैलते हुए सभी दुकानों पर पंपलेट चिपकाये। राज्य मंत्री ने अपने सम्बोधन मे कहाकि सरकार ने आम से खास तक को राहत प्रदान करने के लिए जीएसटी दर में कटौती की है। जीएसटी-2.0 रविवार की रात 12 बजे से ही लागू कर दिया गया। इसके साथ ही नवरात्रि की भी शुरुआत हो गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली के ऐतिहासिक लालकिले से आम लोगों को त्योहारों में तोहफा देने की घोषणा की थी। जीएसटी 2.0 लागू होने से आम और खास लोगों को राहत मिली है। नवरात्रि की शुरुआत के साथ ही बाजार में तेजी आने की उम्मीद है। सरकार ने उपभोक्ताओं की शिकायतों के निवारण के लिए हेल्पलाइन नंबर और पोर्टल जारी किया है। व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए भी विभाग तैयार है।





राज्यमंत्री ने घटी जीएसटी मिला उपहार, धन्यवाद मोदी सरकार के नारे लगवाए। साथ ही 'गर्व से कहो स्वदेशी है' के पोस्टर और पेंपलेट व्यापारियों के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर चिपकाये। इस दौरान प्रमुख तिलोई कृष्ण कुमार सिंह, धर्मेश मिश्रा, सतीश यादव, मयंक मिश्रा, अनादि मिश्रा, सुरेन्द्र बहादुर सिंह, अंकित पासी, रमेश वर्मा, अमरीश जायसवाल, बिपिन सिंह, कुलदीप मिश्रा, संजय मिश्रा, सुनील पासी आदि मौजूद रहे।

## क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता 2025 का मुख्य जोन बना शंकरपुर कॉलेज

- शंकरपुर कॉलेज में जोनल एथलेटिक्स प्रतियोगिता आज से शुरू

**जगतपुर,रायबरेली।** शिक्षा जगत में अग्रणी 6 दशकों से संचालित प्रदेश स्तर का ख्याति प्राप्ति कॉलेज राना बेनी माधव सिंह स्मारक इंटर कॉलेज शंकरपुर में माध्यमिक स्तर की जोनल एथलेटिक्स प्रतियोगिता का बिगुल बज चुका है। गत वर्षों की भांति इस बार भी शंकरपुर कॉलेज को मुख्य जोन बनाया गया है, जहां क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएँ अपने दमखम का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिताओं का आयोजन 27 और 29 सितंबर को प्रातः 8 बजे से निर्धारित है। कार्यक्रम के अंतर्गत 27 सितंबर को बालिका वर्ग की एथलेटिक्स स्पर्धाएँ आयोजित होंगी, वहीं 29 सितंबर को बालक वर्ग के खिलाड़ी ट्रैक एंड फील्ड में अपनी क्षमता आज़माएँगे। आयोजन समिति के अनुसार, प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों में खेल प्रतिभा को मंच देना और उन्हें जिला व राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना है। स्थानीय लोगों का मानना है कि इस तरह की प्रतियोगिताएँ न केवल बच्चों की शारीरिक क्षमता को निखारती हैं बल्कि अनुशासन और आत्मविश्वास भी विकसित करती हैं। क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता 2025 (शंकरपुर जोन) विद्यार्थियों और अभिभावकों दोनों के लिए खेल महाकुंभ साबित होने जा रही है।

### ब्लॉक स्तरीय गणित ओलंपियाड परीक्षा प्रतियोगिता हुई आयोजित

**लालगंज, रायबरेली।** ब्लॉक स्तरीय गणित ओलंपियाड की परीक्षा प्राथमिक विद्यालय दतौली में आयोजित की गई,जिसमें विकासखंड के 27 जूनियर हाईस्कूल से 54 बच्चों ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया राजीव कुमार ओझा खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि पूर्व में विद्यालय स्तरीय गणित ओलंपियाड परीक्षा आयोजित की गई थी जिसमें प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त बच्चों को आज ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल किया गया है। ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त बच्चों को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग कराया जाएगा। परीक्षा को संपन्न कराने में गौरवदीप एआरपी, उपेंद्र बहादुर सिंह अमित कुमार, तनवीर अहमद, ज्योति ज्योति पटेल की प्रमुख भूमिका रही। प्रतियोगिता में प्रमुख रूप से आशीष प्रताप सिंह, तारकेश्वर श्रीवास्तव, जयप्रकाश पांडे, गुरुराज सिंह, अंकिता सिंह, संतलाल, सुशील मिश्रा आदि शिक्षक उपस्थित रहे।



### आरेडिका में सुपरवाइजर क्लब चुनाव का नामांकन

**लालगंज,रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका) में आगामी 14 अक्टूबर को शहीद भगत सिंह क्लब (सुपरवाइजर क्लब) के चुनाव आयोजित होगा। इसको लेकर शुक्रवार को यूनियन नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नामांकन दाखिल किए। सचिव पद के लिए सुरेंद्र वर्मा सहित छह उम्मीदवारों ने पर्चा भरा। वहीं कोषाध्यक्ष पद के लिए अंगद कुशवाहा ने नामांकन किया। सदस्य पद के लिए सुनील कुमार, रमेश चंद्रा, रामलोचन सरोज, दीपक तिवारी, पंकज कुमार शर्मा और जेपी मीना ने अपना दावा पेश किया। नामांकन प्रक्रिया के दौरान पूरे परिसर में चुनावी चर्चा और जोश दिखाई दिया। यूनियन के पदाधिकारी ने बताया कि शहीद भगत सिंह क्लब के चुनाव 14 अक्टूबर को टीटीसी बिल्डिंग में संपन्न होंगे। चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह है। यूनियन नेताओं का कहना है कि यह चुनाव संगठन को और मजबूत करेगा और कर्मचारियों की आवाज को और बुलंद करेगा। नामांकन के दौरान आरसीएफ मेंस यूनियन के अध्यक्ष राकेश दयाशंकर तिवारी के नेतृत्व में संगठन मंत्री रोहित मिश्र, वर्कर कैंटीन कमेटी सदस्य विकल्प पांडेय समेत कई सक्रिय पदाधिकारी मौजूद रहे।



### भजनों और झांकियों से गूंजा दुर्गा माता मंदिर

**लालगंज,रायबरेली।** नगर के रामलीला मैदान स्थित दुर्गा माता मंदिर में गुरुवार रात माता भगवती का भव्य जागरण हुआ। कानपुर से आए कलाकारों ने भक्तिमय भजन प्रस्तुत किए। देवी देवताओं की आकर्षक झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। मंदिर परिसर में रातभर भक्ति का माहौल छाया रहा। मोहल्ले के प्राचीन मंदिर में प्रतिदिन सैकड़ो भक्त दर्शन और पूजन के लिए आते हैं। परंपरा के अनुसार मंदिर परिसर में दुर्गा माता की स्थापना भी की गई है। नवरात्रि उत्सव के तहत बृहस्पतिवार की रात को परिसर में जागरण का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से भरा रहा। इस मौके पर जिला सहकारी बैंक के निदेशक राघवेंद्र प्रताप सिंह, वीरेंद्र श्रीवास्तव, अभिषेक वर्मा, सुधांशु, पप्पू शर्मा, संतोष, नीरज, मयंक सहित बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे।



### मुंशीगंज में महिला सुरक्षा अभियान, पुलिस ने पैदल गश्त कर दी हेल्पलाइन जानकारी

**मुंशीगंज, रायबरेली।** पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज-5 अभियान के तहत महिला सुरक्षा को लेकर शुक्रवार को मुंशीगंज में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान भदोखर थाना क्षेत्र में पुलिस टीम ने महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए पैदल गस्त की और उन्हें आवश्यक सुरक्षा जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का नेतृत्व थाना प्रभारी राकेश चंद्र आनंद ने किया, जबकि मुंशीगंज चौकी प्रभारी अनुज तोमर और उनकी टीम ने सक्रिय भागीदारी निभाई। पुलिस टीम ने महिलाओं को वूमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, महिला हेल्पलाइन 181 और साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 के बारे में विस्तार से जानकारी दी और बताया कि किसी भी आपात स्थिति में इन नंबरों पर तत्काल संपर्क किया जा सकता है।अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और सरकारी योजनाओं से अवगत कराना था। स्थानीय महिलाओं ने इस पहल की सराहना की और कहा कि इस अभियान से उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ी है। साथ ही उन्होंने आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता का अनुभव किया। एसपी डा. यशवीर सिंह ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से पुलिस का प्रयास है कि महिलाओं और युवतियों को सुरक्षित वातावरण मिले और वे अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें।



**श्रमदान** एक दिन-एक साथ-एक घंटा संकाय, अधिकारी और छात्र व सफाईकर्मियों ने किया श्रमदान, की साफ सफाई

# एम्स ने 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान को जन-आंदोलन में बदला

- निदेशक डॉ अमिता जैन ने उत्कृष्ट सफाईकर्मियों का सम्मान किया
- मनोचिकित्सा विभाग ने महिला मानसिक स्वास्थ्य पर जागरूकता के साथ हर शनिवार विशेष क्लिनिक की घोषणा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**एम्स, रायबरेली।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चल रहे 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के अंतर्गत आयोजित 'एक दिन, एक साथ, एक घंटा' श्रमदान में संस्थान के संकाय, अधिकारी, छात्र और सफाईकर्मी एक साथ जुटकर परिसर की संपूर्ण सफाई और जागरूकता कार्यों को सुदृढ़ रूप दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कार्यकारी निदेशक डॉ. अमिता जैन ने उत्कृष्ट सेवा देने वाले चयनित सफाई कर्मियों को सम्मानित करते हुए उपस्थित समुदाय से अपील की कि वे दिनभर की किसी एक अनावश्यक गतिविधि को त्यागकर स्वच्छता में योगदान दें और इसे जीवन शैली बनाएं।

अभियान के नोडल अधिकारी, न्यूरो सर्जन एवं स्पाइन विशेषज्ञ डॉ. सुयश सिंह ने अब तक अभियान में की गई गतिविधियों और उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि यह पहल केवल भौतिक सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि सामुदायिक सहभागिता और स्वास्थ्य शिक्षा का भी माध्यम बन रही है। एम्स के सहायक नर्सिंग अधीक्षक रवि विश्नोई ने एम्स में चल रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई और इसके बाद संकाय सदस्य, अधिकारी, छात्र व सफाईकर्मी मिलकर बास्केटबॉल कोर्ट सहित परिसर के आसपास सफाई में जुटे।





कार्यक्रम का समापन डॉ. टी. नवीन सागर के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें डीन डॉ. नीरज कुमारी, डॉ. प्रगति गर्ग, कर्नल अखिलेश सिंह, कर्नल यू.एन. राय और डॉ. नीरज कुमार श्रीवास्तव समेत संस्थान के अधिकारी व छात्र मौजूद रहे।इसी क्रम में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत मनोचिकित्सा विभाग ने महिला मानसिक स्वास्थ्य पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। डॉ. के. पद्मा ने महिलाओं के मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य की अहमियत बताई, जबकि एमबीबीएस छात्रों ने अवसाद और आत्महत्या रोकथाम पर नाटक प्रस्तुत कर शीघ्र हस्तक्षेप का संदेश दिया।

डॉ. वंदना वर्मा ने अभियान की चिकित्सकीय महत्ता, ममता तिवारी ने पोषण की भूमिका पर प्रकाश डाला और मनोचिकित्सा प्रभारी डॉ. श्रुति सिन्हा ने घोषणा की कि हर शनिवार पुराने ओपीडी भवन में विशेष महिला मानसिक स्वास्थ्य क्लिनिक संचालित होगा। संस्थान ने साफ संदेश दिया कि स्वच्छ वातावरण और मानसिक कल्याण एक-दूसरे के पूरक हैं और इनसे ही सतत सामाजिक परिवर्तन संभव है।

